# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 267 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# परसा कोल ब्लॉक में पेड़ों की कटाई के बीच ग्रामीणों और पुलिस के बीच खूनी संघर्ष

## 13 पुलिसकर्मी के अलावा ग्रामीण भी हुए घायल, तीर धनुष, गुलेल, पत्थर, डंडा वार का देखने को मिला नजारा, क्षेत्र छावनी में तब्दील





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर/उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर में पेड़ कटाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों के बीच गुरूवार को खूनी संघर्ष की स्थिति बन गई। घटना में ग्रामीणों के अलावा 13 पुलिस कर्मी घायल हो गए। आरक्षक भोला राम राजवाड़े को गंभीर प्रकृति का चोट लगने पर अग्रिम ईलाज हेतु रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर रेफर किया गया है। चोटिल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का इलाज चल रहा हैं। बताया जा रहा है कि जंगल कटाई के लिए पुलिस का पहरा देखने के बाद ग्रामीणों ने तीर-धनुष, गुलेल और पत्थर से हमला किया। दो पुलिसकर्मियों को तीर लगने की खबर है। कई ग्रामीणों के भी हताहत होने की खबर मिल रही है।

बता दें परसा कोल ब्लॉक के लिए सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम साल्ही और आसपास के अन्य ग्रामों के साथ-साथ सूरजपुर जिले के जर्नादनपुर सहित अन्य इलाकों में पेड़ों की कटाई का ग्रामीण लंबे समय से विरोध करने में लगे हैं। आए दिन पुलिस छावनी में इलाके को तब्दील करके जिस प्रकार पेड़ों का सफाया किया जा रहा है, इससे जंगल का अस्तित्व खत्म होने की चिंता बढ़ हुई है। गुरुवार को सुबह से ही सैकड़ों पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है, जिसका ग्रामीण और हसदेव बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य विरोध कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यहां लगभग 6000 पेड़ों की कटाई की जानी है, जिससे लगभग 140 हेक्टेयर जंगल का सफाया होगा, ताकि परसा कॉल ब्लॉक का काम शुरू किया जा सके। सरगुजा और सूरजपुर जिले में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी मौजूदगी के बावजूद ग्रामीणों का विरोध का लगातार जारी है। सरगुजा और सूरजपुर जिले के वन रक्षकों की ओर से पेड़ों की कटाई के लिए पूरी ताकत झोंक दी गई है। कई अधिकारी वनों के विनाश का नजारा खुली आंखों से देख रहे हैं। इस दौरान हसदेव बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामलाल के सिर में चोट आने व अन्य दो लोगों के चोटिल होने की खबर मिल रही है। रामलाल पिछले 10 वर्षों से जल, जंगल और जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। आंदोलन का उन्हें प्रमुख चेहरा माना जाता है, जो प्रशासनिक ताकत के आगे लहूलुहान हुए हैं, इसका वायरल वीडियो लोगों को झकझोर रहा है। इधर पुलिस की ओर से बताया ग्राम हरिहरपुर तहसील उदयपुर में 17 अक्टूबर को कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंध को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस एवं वन अमले के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निर्धारण किया जा रहा था। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समझाइश दी जा रही थी। प्रशासनिक अमला लगातार ग्रामीणों को कानून व्यवस्था को प्रभावित नहीं करते हुए बातचीत करने का प्रयास कर रही थी, इस दौरान ग्रामीण डंडा, फरसा, गुलेल, तीर धनुष लेकर प्रशासनिक अमले का विरोध कर क़ानून व्यवस्था को अपने हाथों में ले लिए और पुलिस एवं अन्य सुरक्षा में लगे जवानों पर अचानक हमला कर दिए।

### रक्षित निरीक्षक सहित ये पुलिसकर्मी हुए घायल

ग्रामीणों के हमले से 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, निरीक्षक आशा तिर्की, निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, उप निरीक्षक सेतराम गही, सहायक उप निरीक्षक मंजू रानी जिला बलरामपुर, उप निरीक्षक प्रेम सागर खुटिया थाना लखनपुर, उप निरीक्षक भागवत नायकर पत्थलगांव जिला जशपुर, उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, आरक्षक रामनरेश लकड़ा रक्षित केंद्र अंबिकापुर, महिला आरक्षक सरला टोप्पो रक्षित केंद्र अंबिकापुर, पूनम पैकरा थाना अंबिकापुर, आरक्षक शैलेश सिंह, आरक्षक भोला राम राजवाड़े शामिल हैं। आरक्षक भोला राम को हायर सेंटर उपचार के लिए भेजा गया है।

# कृषि मंत्री ने शासकीय उद्यान रोपणी एवं कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने गुरुवार को शासकीय उद्यान रोपणी एवं कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उद्यान रोपणी में उद्यान अधीक्षक से लगाए गए पौधों और पौधे, विकसित किए जाने की कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने यहां सीडलिंग यूनिट का भी अवलोकन किया। उद्यान की साफ-सफाई रखने, अधिक पौधों का उत्पादन करने तथा उद्यानिकी फसल अधिक से अधिक लेने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में लगाए गए धान, उड़द, गन्ने, हल्दी आदि का अवलोकन किया। पिछले सीजन में धान उत्पादन की भी जानकारी ली। इसके साथ ही कुक्कुट पालन इकाई, बत्तख सह मछली पालन इकाई, दुग्ध उत्पादन इकाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कृषि महाविद्यालय फर्म का भी अवलोकन किया।

### पशु सखियों से मिलकर किया उत्साहवर्धन

मंत्री रामविचार नेताम ने कृषक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित पशु सखियों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीदियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने दीदियों से कार्य की जानकारी ली, दीदियों ने बताया कि स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बिहान के माध्यम से पशु सखी के रूप प्रशिक्षण दिया गया। अब वे स्वयं पशुओं में टीकाकरण के साथ प्राथमिक उपचार कर लेती हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि आप सब अच्छा काम कर रही हैं, घर परिवार संभालने के साथ आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन गई हैं। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर सुकर फार्म खोलें, इसमें शासन का पूरा सहयोग रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि मुर्गी फार्मिंग में भी अच्छा लाभ हो सकता है, इसकी भी तैयारी करें। कड़कनाथ तैयार करने यूनिट लगाएं और ट्रेनिंग शुरू करें।

# घर में पिता के आने का कर रहे थे पुत्र इंतजार, मिली दर्दनाक मौत की खबर

**मामला पुराना बस स्टैंड में मिले अज्ञात शव का, पुत्रों के साथ करमा त्योहार मनाने आया ग्रामीण रूक गया था अंबिकापुर में गुरूवार को स्वजन की उपस्थिति में पुलिस ने मृतक का कराया पोस्टमार्टम**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के अग्रसेन वार्ड अंतर्गत पुराना बस स्टैंड में मिले युवक के शव की पहचान दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी हरिराम लकड़ा के रूप में हुई है, जो राजमिस्त्री का काम करता था। मृतक बीते रविवार को अपने ससुराल ग्राम केराकछार आया था। बताया जा रहा है इसके बाद वह मंगलवार को अपने दोनों पुत्रों के साथ अंबिकापुर पुलिस लाइन में करमा खेलने आया था। बाद में दोनों पुत्र देर रात अन्य लोगों के साथ दोपहिया वाहन से वापस गांव चले गए थे। मृतक इन्हें अगले दिन बस से गांव जाने की बात कहकर रूक गया था। इसके बाद उनका पिता से संपर्क नहीं हुआ। अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान होने पर वे अंबिकापुर पहुंचे। इन्होंने संदेह जताया है कि हत्या की घटना को अकेले एक व्यक्ति अंजाम नहीं दे सकता है। ऐसे में शव के पोस्टमार्टम को लेकर भी आंशिक नोकझोंक की स्थिति बनी।

जानकारी के मुताबिक दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी हरिराम लकड़ा पिता खुरनु राम 48 वर्ष निवासी हरिहरपुर का ससुराल ग्राम केराकछार में है। रविवार को वह अपने ससुराल में करमा मनाने आया था। इसके बाद मंगलवार को अंबिकापुर पुलिस लाइन में अपने दोनों पुत्र अजय लकड़ा और सुरेंद्र लकड़ा के साथ करमा त्योहार मनाने आया था। यहां से देर रात हरिराम के दोनों पुत्र रात में ही मोटरसाइकिल से अपने गांव हरिहरपुर वापस आ गए थे। इसके बाद पिता के घर आने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वे अगले दिन भी नहीं लौटे। बाद में इन्हें पता चला कि उनके पिता का शव अंबिकापुर के अग्रसेन चौक इलाके में मिला है। संदेह होने पर वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान अपने पिता हरिराम के रूप में की। इनके द्वारा संभावना जताई गई है कि उनके पिता पुलिस लाइन से भाथुपारा अंबिकापुर मोहल्ले में रहने वाली भतीजी के यहां जा रहे होंगे, इसी दौरान किसी ने उनकी हत्या की है। मृतक के पुत्रों का कहना है कि उनके पिता शरीर से बलिष्ठ थे, किसी एक व्यक्ति के द्वारा उनकी हत्या कर देना संभव नहीं है। इनके द्वारा घटनाक्रम में अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना व्यक्त की गई है। हालांकि पुलिस के गिरफ्त में आए आरोपी करनदीप सिंह के द्वारा उक्त व्यक्ति से अकेले मारपीट करने और शव को झाड़ियों में छिपाने की स्वीकारोक्ति की गई है। मृतक के पुत्रों का कहना है कि घर की जिम्मेदारी पिता पर थी, इनकी मौत से पूरा परिवार व्यथित है। इनके द्वारा न्याय की मांग की गई है।

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा

शहर के अग्रसेन वार्ड के पुराना बस स्टैंड के समीप झाड़ियों में खून से लथपथ अज्ञात व्यक्ति की लाश बुधवार को मिली थी। मामले में कोतवाली पुलिस ने नेपाल लॉज के पास रहने वाले करनदीप सिंह पिता कुलदीप सिंह 22 वर्ष को गिरफ्तार किया था। गिरफ्त में आए युवक ने उक्त व्यक्ति के साथ मारपीट करना स्वीकार किया है। जांच में सामने आया था कि आरोपी मारपीट के बाद उसके शव को झाड़ियों में ले गया था और आग से जला देने की कोशिश किया। आरोपी नशेड़ी प्रवृत्ति का बताया जा रहा है, जो अनजान लोगों के नजर आने पर उनसे विवाद और मारपीट जैसी हरकतें आए दिन करते आ रहा था। मंगलवार की रात मृतक व आरोपी के बीच संघर्ष की स्थिति बनी थी। मृतक और आरोपी भी सीसीटीव्ही में भी नजर आए हैं, साथ ही पूरा घटनाक्रम का फुटेज भी पुलिस ने हासिल कर लिया है।

### छत पर टहलते समय ट्रांसपोर्टर की नजर पड़ी शव पर

अग्रसेन वार्ड में नेपाल लॉज के पास रहने वाले ट्रांसपोर्टर चंचल सिंह की नजर 16 अक्टूबर को सुबह करीब 09.30 बजे अपने चाचा कुलदीप सिंह के साथ छत पर टहलने के दौरान पुराने नेपाल लॉज के झाड़ियों के बीच टूटे मकान के पास किसी के शव पर पड़ी। नजदीक जाकर देखा तो आदमी का शव था, जिसके शरीर में जगह-जगह पर खरोंच, सिर में चोट का निशान दिखा। मृतक के पूरे बदन में खून के दाग दिख रहे थे। देखने से ऐसा लग रहा था कि किसी व्यक्ति ने मारकर शव को झाड़ियों के बीच छिपाया हो। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 103(1), 238 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर आकर अज्ञात शव का निरीक्षण किया। इसके बाद घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमे संदेही करनदीप सिंह शंकर होटल के पास मृतक से वाद-विवाद होने के बाद मारपीट करते हुए खींचकर नेपाल लॉज, गली की ओर ले जाते दिखाई दिया था। पुलिस ने करनदीप सिंह को हिरासत में लिया, पूछताछ में उसने मारपीट करके हत्या करना व शव को जलाने का प्रयास करना स्वीकार किया।

### मृतक के शव की पहचान ऐसे हो पाई

अज्ञात शव की पहचान के लिए पुलिस टीम ने सोशल मीडिया एवं व्हाट्सअप ग्रुपों के माध्यम से लगातार प्रयास जारी रखा था। इसके बाद मृतक के परिजन आकर उसकी पहचान हरिराम लकड़ा पिता खुरनु राम 48 वर्ष निवासी हरिहरपुर थाना दरिमा के रूप में किए। उन्होंने बताया मृतक करमा कार्यक्रम में शामिल होने अंबिकापुर आया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और अग्रिम जांच, विवेचना कर रही है। पुलिस टीम ने आरोपी करनदीप सिंह के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा एवं कल्छुल का डंडी एवं घटना के दौरान पहने गए कपड़े को जप्त किया है। घटनास्थल से शव जलाने मे प्रयुक्त सुलेशन एवं माचिस बरामद किया गया है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक अमित सिंह व विजय रवि, आरक्षक शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, नितिन सिन्हा, विवेक राय, रमन मण्डल, दीनदयाल सिंह, चंचलेश सोनवानी, दीपक दास, होलसाय राजवाड़े, सैनिक संतोष पाठक शामिल रहे।

## टाटा एस वाहन आगजनी से जलकर हुई खाक, नामजद केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** केदारपुर में मिशन अस्पताल के पास खड़ी टाटा एस वाहन में आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी की करतूत सीसीटीव्ही में भी कैद हुई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

टेंट का काम करने वाले राहुल गुप्ता पिता सुदर्शन गुप्ता 21 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि 15 अक्टूबर को उसके पिता टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 1549 चलाते हैं। 14 अक्टूबर की रात को करीब 8.30 बजे वाहन को घर के सामने खड़ी करके सभी सो गए थे। रात करीब 2 बजे चचेरा भाई विशाल गुप्ता उसे उठाकर बताया कि टाटा एस गाड़ी में आग लग गई है। जब वे घर से बाहर आए तो वाहन आगजनी में पूरी तरह से जल चुका था। पानी डालकर वे किसी तरह आग बुझाए और चचेरा भाई विशाल गुप्ता के घर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज को चेक किए तो मिशन चौक निवासी हरजीत सिंह ऊर्फ राजा घटना तिथि की रात को करीब 2 बजे वाहन में आग लगाते नजर आया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 326 जी का मामला दर्ज कर लिया है।

# सावधान: राज्य के 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे तम्बाकू की चपेट में

**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 टाईफाई का आयोजन**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य स्तरीय सहयोगी टीम वाइटल स्ट्रेटेजिस द्वारा संचालित ब्लूमबर्ग परियोजना छ.ग. के द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) के तहत राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (टाईफाई) आयोजित किया गया। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है कि वैश्विक व्यवस्क तम्बाकू सर्वेक्षण वर्ष 2016-17 (जीएटीएस) के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की 39.1 प्रतिशत आबादी तंबाकू अथवा तंबाकू उत्पादों का सेवन करती है। वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण 2019 (जीवाईटएस) के अनुसार राज्य के 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे भी तम्बाकू के लत की चपेट में आ चुके हैं। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेष में तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (टाईफाई) 24 सितम्बर 2024 से आयोजित किया जा रहा है।



नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में अभियान के तहत ब्लूमबर्ग के संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट को पावर प्वाइंट के माध्यम से तम्बाकू के दुष्परिणाम के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कई मरीज इसे छोड़ना तो चाहते हैं, किन्तु उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने के कारण छोड़ना संभव नहीं हो पाता। चिकित्सकीय क्षेत्र में आप सभी का सहयोग बेहद आवश्यक है, आमजन किसी भी दिन अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क कर तम्बाकू छोड़ने एवं उससे छोड़ने हेतु उपयोग में आने वाली दवाइयों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दृढ़संकल्प लेकर भी तम्बाकू जैसे सेवन को दूर करना संभव है। तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम निकट भविष्य में तंबाकू के सेवन होने वाले बिमारी श्वसन तंत्र के कैंसर, फेफड़े, संपूर्ण ऊपरी जठरांत्र संबंधी, यकृत (लीवर), अग्न्याशय, गुर्दा, मूत्राशय, मौखिक कैविटी, नाक कैविटी (गुहा), गर्भाशय ग्रीवा आदि से समस्याओं से जुड़ा होता हैं। धुंआ रहित तंबाकू मुख कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति में नशे की अन्य आदतों वाले पदार्थों द्वारा गतिविधियों में सहनशीलता विकसित होती हैं। तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करें, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन और आपूर्ति और वितरण का निषेध) अधिनियम, 2003 तम्बाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 (कोटपा)के तहत प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित कराना है। तंबाकू का सेवन छोड़ने में लोगों की मदद करें।

### स्ट्रोक व हृदयाघात की बढ़ती है आशंका

भारत में तम्बाकू नियंत्रण कानून (कोटपा 2003) को लागू करने के लिए वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीपीसी) की शुरुआत की गई और तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जनसामान्य में अधिक से अधिक जागरूकता लाया जा सके, किसी भी रूप में धूम्रपान करने वाले एक साथ 30 ऐसे रसायन ले रहे होते हैं, जो कैंसर का कारण बनते हैं। इसके अलावा स्ट्रोक व हृदयाघात की आशंका भी बढ़ जाती है। तंबाकू शरीर के लिए धीमा जहर है। धीरे-धीरे व्यक्ति इसका आदी हो जाता है। उसके बाद चाहते हुए भी इस लत से छुटकारा पाने में दिक्कत होती है। कार्यक्रम में एनॉटोमी विभाग से डॉ. प्रेमानंद अग्रवाल, राज्य कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा, कमल नारायण, शेखर राव, मनोज एवं प्रशांत कश्यप तथा मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गश्त में निकली पुलिस ने जुआरियों को दबोचा, 20860 रुपये जप्त

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पांच जुआरियों को पकड़ा। इनके पास से 20 हजार 860 रुपये बरामद करने में पुलिस सफल हुई है। जानकारी के मुताबिक एन.डी.पी.एस. एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी एवं माइनर एक्ट की कार्रवाई के लिए निकली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान आदिशक्ति आनलाइन सेंटर के सामने स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां चिन्टू शर्मा ऊर्फ अजय पिता स्व. रामेश्वर शर्मा 33 वर्ष निवासी गोधनपुर, रमेश सोनी पिता प्रहलाद सोनी 40 वर्ष निवासी सतीपारा, दीपक कंसारी पिता जोगन प्रसाद कंसारी 36 वर्ष निवासी जोड़ापीपल, ओमप्रकाश पिता स्व. राम सागर गोंड़ 40 वर्ष निवासी सरगवां व मनबोध यादव पिता भगत राम यादव 24 वर्ष निवासी असोला रजपुरी जुआ खेलते मिले। सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 3 जुआ प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# सीएचसी लटोरी का संभागीय संयुक्त संचालक ने किया निरीक्षण

## अनुपस्थित कर्मचारियों को अवैतनिक करने दिए निर्देश

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी का संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मात्र एक आयुष चिकित्सक एवं एक स्टॉफ नर्स उपस्थित थे जबकि संस्था प्रभारी सहित अन्य समस्त चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स अनुपस्थित पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी का औसत ओपीडी प्रति-दिवस लगभग 70 से 80 है। सभी चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त स्टॉफ नर्स का नोटिस जारी कर अवैतनिक की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक



स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने स्वास्थ्य संस्था में साफ सफाई का विशेष अभाव पाया। अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक अवकाश एवं अन्य अवकाश में प्रस्थान करने के पूर्व बगैर संस्था प्रमुख के पूर्व अनुमति के अनुमोदन ही अवकाश में प्रस्थान किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। आकस्मिक निरीक्षण में अमीत लाल तिग्गा एमएनएस, श्रीमती विनोदित लकड़ा एएनएम, प्रेमप्रकाश कुशवाहा वार्ड बॉय 2 दिवस से संस्था में अनुपस्थित पाए गए। इन सभी कर्मचारियों को उक्त दिवस को अवैतनिक किए जाने व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संस्था में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियत समय पर अपने कार्य पर उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# नमो नमो संगठन का नीरज प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष विनोद अग्रमोदी ने ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर निवासी नीरज अग्रवाल को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही नीरज अग्रवाल को सरगुजा संभाग का प्रभार



भी सौंपा गया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि संगठन द्वारा जो भरोसा जताते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा।

# आम निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य नपं बिश्रामपुर में शुरू

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन बिश्रामपुर।** नगरीय निकाय के आम निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण किए जाने का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। निकायों के लिए प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर निर्धारित की गई है।नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-1 जनवरी 2024 की स्थिति में तैयार की गई निर्वाचक नामावली का नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभी 15 वार्डों के मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर 23 अक्टूबर तक छत्तीत्तगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार दावा/आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभी मतदाताओं से आह्वान किया गया है कि वे अपने-अपने वार्ड के मतदान केन्द्रों, संबंधित तहसील कार्यालयों एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालयों में उपलब्ध मतदाता सूची का भली भांति अवलोकन कर यह सुनिश्चित कर लेवें कि उनके एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम जो वोट देने के लिए पात्र हैं, मतदाता सूची में अंकित है एवं संबंधित वार्ड में ही है और सही है। यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो उसके सुधार हेतु तत्काल अपने मतदान केन्द्र में उपलब्ध प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष आवेदन देकर कार्यवाही कराएं। संबंधित वार्ड के मतदान केन्द्र में उपलब्ध मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन, नाम जोड़ना, नाम सुधारना, नाम काटने का कार्य किया जा रहा है।

## पत्नी के मायके जाने की बात से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** पत्नी द्वारा मायके जाने की बात कहे जाने से क्षुब्ध होकर एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा निवासी 32 वर्षीय राजेंद्र सिंह पिता बाबूलाल गोंड की पत्नी द्वारा मायके जाने की बात कही गई थी। इसी बात पर क्षुब्ध होकर युवक गुरुवार को अल सुबह घर से निकला और कुछ विलंब तक वापस नहीं लौटने पर पत्नी द्वारा मोबाइल पर कॉल किया गया तो मोबाइल दरवाजे के पास ही बज रहा था। युवक के पुत्र ने जाकर देखा तो मोबाइल दरवाजे के पास पड़ा था और युवक द्वारा अपने बाड़ी के पीछे जाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# चौपाटी को अन्यत्र हटाए जाने

## एसईसीएल प्रबंधन ने थमाया नोटिस



**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के लीज भूमि पर संचालित चौपाटी को हटाए जाने को लेकर आज एसईसीएल प्रबंधन की ओर से नोटिस जारी कर दे दिया गया है। गौरतलब है कि नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल व प्रोजेक्ट ऑफिस के समीप चौपाटी का संचालन पिछले कई महीनों से किया जा रहा है। यहां पर चौपाटी की वजह से आपराधिक किस्म के लोगों का देर रात तक यहां अड्डा बनने की बात कहकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अब उक्त चौपाटी को अन्यत्र हटाए जाने हेतु गुरुवार को नोटिस थमा दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य द्वारा प्राप्त शिकायत के अनुसार उक्त स्थल पर संध्या काल से लेकर रात्रि 12 बजे तक अनाधिकृत रूप से स्कूल के सामने दुकान लगाकर शाकाहारी व मांशाहारी व्यंजन के साथ ही शराब का सेवन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। स्कूल के समक्ष ऐसा करना सामाजिक बुराई के साथ ही अपराध की श्रेणी में भी आता है। इस वजह से उक्त चौपाटी को अन्यत्र स्थापित करके संचालन किए जाने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि चौपाटी के व्यवस्थित किए जाने को लेकर लंबे अरसे से यहां पर प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन आज तक स्थाई व्यवस्था कोई ठोस पहल नहीं हो सका है। चौपाटी का संचालन पूर्व में बस स्टैंड में होता था, जहां से नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा अयप्पा मंदिर ग्राउंड में स्थापित कराया गया था। इसके पश्चात कुछ महीने पूर्व ही चौपाटी हेतु तत्कालीन पिलखा नायब तहसीलदार व तत्कालीन नगर पंचायत सीएमओ द्वारा काफी समझाइश उपरांत उक्त वर्तमान स्थल का चयन करने चौपाटी का संचालन शुरू कराया गया था लेकिन अब गुरुवार को एसईसीएल प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के नेतृत्व में टीम द्वारा पुन: नोटिस थमाने उपरांत उक्त चौपाटी का संचालन अन्यत्र स्थल पर कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसईसीएल प्रबंधन का यह भी मानना है कि यहां चौपाटी का संचालन होने से शराबियों द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल की बाउंड्री फांदकर स्कूल कैंपस में गंदगी किए जाने की शिकायत आए दिन मिलती रहती है। साथ ही चोरी के मामलों में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

# सजगता एवं संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने स्टेशनों में संरक्षा संगोष्ठी

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बिश्रामपुर।** संरक्षा संगठन बिलासपुर मंडल द्वारा रेल कर्मियों को जागरूक करने संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जा रहा है ताकि शून्य दुर्घटना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसी क्रम में बिलासपुर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन एवं संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु, परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों हेतु 15 अक्टूबर को बिश्रामपुर में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं ऑटो सिगनलिंग सेक्शन में विभिन्न प्राधिकार, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं रोलिंग डाउन से बचाव, इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बरती जाने वाली मानसून संबंधित सावधानियां, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान सिग्नल एवं परिचालन कर्मचारी का कर्तव्य, हॉट





एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, ट्रेन पार्टिंग एवं दरवाजा खुलने से बचाव के लिए क्रू, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी द्वारा चेक किया जाना, ओएचई ब्लॉक के समय रखी जानी वाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण जैसे विभिन्न गहन विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा नागरिक सुरक्षा निरीक्षक द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया।संगोष्ठी में एआरएम शहडोल आरएस मोहंती तथा संरक्षा सलाहकारों के अलावा स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित विभिन्न विभागों के रेल कर्मी उपस्थित थे।

## ट्रक की ठोकर से घायल युवक की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन**
**अंबिकापुर।** ट्रक की ठोकर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया सूरजपुर जिला के पुलिस चौकी चेन्द्रा अंतर्गत ग्राम दौना निवासी प्रेमसाय पैकरा पिता सुखदेव पैकरा 20 वर्ष बीते दिवस ग्राम टइयां से मोटरसाइकिल में अकेले घर की ओर आ रहा था। शाम लगभग 7 बजे ग्राम करौंटी के पास मुख्य मार्ग में अज्ञात ट्रक का चालक लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दिया, जिसमें उसे सिर, हाथ और चेहरे में गंभीर चोटें आई थी। स्वजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल सूरजपुर ले गए, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था, यहां देर रात करीब 1.50 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# विकासखण्डवार होगा कौशल पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**
**बलरामपुर।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलरामपुर द्वारा राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल-जल मित्र कार्यक्रम एवं आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके प्रत्येक विकासखण्ड में प्रात: 11 बजे से तिथिवार कौशल पखवाड़ा का आयोजन 14 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसके तहत विकासखण्ड बलरामपुर के पस्ता ग्राम पंचायत भवन में 18 अक्टूबर 2024 को, विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत चांदो पंचायत भवन 17 अक्टूबर व कुसमी जनपद पंचायत सभाकक्ष में 28 अक्टूबर 2024 को तथा सामरीपाठ पंचायत भवन में 29 अक्टूबर 2024 को, विकासखण्ड राजपुर अंतर्गत जिगडी पंचायत भवन में 21 अक्टूबर व बरियों पंचायत भवन में 22 अक्टूबर को, विकासखण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत शंकरगढ़ जनपद पंचायत सभाकक्ष में 23 अक्टूबर व कमारी पंचायत भवन 24 अक्टूबर को, विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत बसंतपुर पंचायत भवन 25 अक्टूबर व चलगली पंचायत भवन 26 अक्टूबर को तथा विकासखण्ड रामचन्द्रपुर अंतर्गत 19 अक्टूबर 2024 को रामचन्द्रपुर आईटीआई भवन में किया जाना है।

कौशल पखवाडा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, परियोजना प्रशासक, एकिकृत आदिवासी विकास परियोजना, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, सर्व प्राचार्य शासकीय आईटीआई को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम स्थल में समस्त आवश्यक व्यवस्था करें। साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी करवा कर हितग्राहियों को उपस्थित करायें। महिला बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति व अधिक बेरोजगार युवाओं की उपस्थिति कराना सुनिश्चित करें।

# क्रेडा विभाग की लापरवाही से 5 साल के मासूम की जान जाने का आरोप

## बीते डेढ़ वर्ष से इंसाफ के लिए अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर काट रही मां

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर विकासखंड के रनपुरकला गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल में अक्टूबर 2022 में सोलर हाई मास्क लाइट लगाने क्रेड़ा विभाग द्वारा गड्ढा खोदवाया गया था, इसके बाद हाई मास्क लाइट रनपुर कला गांव में न लगाकर मेंड्रा कला स्थित सैनिक स्कूल में लगा दिया गया। इसके बाद स्कूल परिसर में सोलर हाई मास्क लाइट लगाने के लिए खोदे गए गड्ढे को नहीं भरा गया। मई 2023 में इस गड्ढे में 5 साल का अर्णव रजवाड़े खेलते-खेलते गिर गया था और उसकी गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई थी। इसकी जानकारी लगते ही क्रेडा विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई और पीड़ित मां हीरामनी राजवाड़े को विभाग के



अधिकारियों ने नौकरी और मुआवजा देने का आश्वासन दिया था। इससे मामला शांत हो गया लेकिन मुआवजा और नौकरी के लिए महिला डेढ़ साल से भटक रही है। महिला की परेशानी तब बढ़ गई जब विभाग के आश्वासन देने वाले सभी अधिकारियों का स्थानांतरण हो गया। महिला कलेक्टर के जनदर्शन में भी गई लेकिन वहां भी इंसाफ नहीं मिला। पांच साल के बेटे अर्णव को खोने के बाद यह मां अधिकारियों के कार्यालयों का चक्कर लगाकर थक चुकी है। महिला का कहना है कि उसे बेटा तो वापस नहीं मिल सकता, नौकरी और मुआवजा की आस लेकर वह अब अधिकारियों का चक्कर काट पाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में उसके पास जान देने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है। मामला जिले के अपर कलेक्टर सुनील नायक के संज्ञान में आया है और उन्होंने एक बार फिर महिला को इंसाफ दिलाने के लिए आश्वस्त किया है। दो वर्ष से इंसाफ के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रही महिला को कब तक इंसाफ मिल पाएगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

# त्यौहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा की टीम मिष्ठान दुकानों का निरीक्षण कर ले रही नमूने

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर सरगुजा एवं अभिहित अधिकारी के निर्देशानुसार सरगुजा जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण मिलावट की आशंका के मद्देनजर किया जा रहा है। इस कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन, प्रशान्त कुमार तिवारी तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा मेसर्स शीतल रेस्टोरेंट, लखनपुर से पनीर, मेसर्स होटल द ग्रैंड राधेश्याम, अंबिकापुर से स्प्रिंग रोल, मेसर्स आकाश मिल्क पार्लर, अंबिकापुर से खोवा, मेसर्स संगम डेली नीड्स, अंबिकापुर से कलाकंद का नमूना संकलित कर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से परीक्षण एवं विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही विभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन (मोबाईल वैन) के माध्यम से विगत 02 दिनों में अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का मौके पर ही जांच किया जा रहा है।

# योगी सरकार में बदलते प्रदेश की तारीफ कर रहे ओलंपियन

## दीपावली से पहले पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को बड़ी सौगात

संवाददाता



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। 20 अक्टूबर को उनके वाराणसी के दौरे में सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम के फेज-2 व फेज-3 का उद्घाटन प्रस्तावित है।

पीएम 2023 में फेज-1 का उद्घाटन कर चुके हैं। स्टेडियम निर्माण से 20 से अधिक खेलों के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325.65 करोड़ की लागत से हुआ है। स्टेडियम की इमारत ग्रिहा के मानक के अनुसार बनाई गई है।

### मोदी-योगी के नेतृत्व में खेल का बेहतर हब बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल का हब बन रहा है। खेल के मूलभूत ढांचे को सुधारने के साथ खिलाड़ियों को अच्छा माहौल भी मिला है। इससे अंतरराष्ट्रीय मैचों में पदकों की संख्या भी बढ़ी है। इस स्टेडियम के निर्माण से पूर्वांचल की मिट्टी से अब और अंतरराष्ट्रीय खिलाडी निकलेंगे। काशी में मल्टी स्पोर्ट्स, मल्टी लेवल आधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि तीन फेज में डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325.65 करोड़ से अधिक की लागत से हुआ है। स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर दोनों सुविधा रहेगी।

### 109.36 करोड़ रुपये से हुआ था पहले चरण का निर्माण

पूर्वांचल के खिलाड़ियों को अब वाराणसी में ही अंतरराष्ट्रीय मैच देखने को मिलेंगे। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिम, स्पा, योगा सेंटर, पूल बिलियर्ड्स और कैफेटेरिया के साथ बैंक्वेट हॉल की भी सुविधा है। मल्टी स्पोर्ट्स, मल्टी लेवल आधुनिक इनडोर स्टेडियम में मानकों को भी ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी हो सकेंगी। प्रथम चरण का निर्माण लगभग 109.36 करोड़ से हुआ था। दूसरे और तीसरे चरण का निर्माण लगभग 216.29 करोड़ में हुआ।

फेज -1

-बैडमिंटन-10 कोर्ट, टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक, कबड्डी, स्विमिंग पूल - ओलंपिक साइज, प्रैक्टिस/ वार्म अप पूल, बोर्ड गेम्स -चेस, कैरम, स्क्वैश के लिए - 4 कोर्ट, बिलियड्र्स, एरोबिक्स, क्रॉस ट्रेनिंग, कार्डियो जोन, -रिकवरी जोन, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग जोन

फेज-2

(शूटिंग स्पोर्ट्स) 10 मीटर 50 बे रेंज, 25 मीटर 25 बे रेंज, जी प्लस 3- कॉम्बैट स्पोर्ट्स में बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, वेट लिफ्टिंग, वुशु, किक, स्पोर्ट्स साइंस सेंटर, फेनसिंग, बॉक्सिंग, रेसलिंग, -जी प्लस वन फील्ड व्यू चेंजिंग रूम

# बर्तन में यूरीन पास कर आटा गूंधने वाली मेड पकड़ी गयी

### योगी सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून लायेगी

संवाददाता

लखनऊ, आजकल रोटी पर थूकने, जूस में मानव मूत्र मिलाने या मिठाई में मानव अपशिष्ट मिलाने की घटनाएं काफी देखने को मिल रही हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पहचान छिपाकर खाद्य व पेय पदार्थों में मिलावट करने और उत्पादों में मानव मल, अखाद्य तथा गंदी चीजें मिलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जल्द ही नया कानून लाएगी। हालांकि योगी सरकार की इस घोषणा पर विपक्ष की अलग राय है लेकिन यह भी देखना चाहिए कि समाज में आखिर हो क्या रहा है। हम आपको बता दें कि इस प्रकार की ताजा घटना उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से सामने आई जहां एक घरेलू काम करने वाली महिला पर आरोप लगा है कि वह अपने मूत्र से आटा गूंध कर रोटी बनाती थी। बताया जा रहा है कि एक सोसायटी में रहने वाली महिला ने अपनी मेड पर आरोप लगाया है कि वह बर्तन में यूरीन पास कर उससे रोटी बनाती थी। महिला ने इस मामले में पुलिस में शिकायत भी की है। बताया जा रहा है कि आरोपी मेड को पकड़ लिया गया है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। हम आपको बता दें कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा है कि 8 साल से काम कर रही मेड पर जब उसे शक हुआ तो उसने उसकी गतिविधियों को मोबाइल से रिकॉर्ड करना शुरू किया। इस दौरान उसने देखा कि वह बर्तन में यूरीन पास कर उसमें आटा लेकर रोटी बनाती हुई दिखाई दे रही है। इसके बाद उन्होंने उससे इस बारे में बात की तो वह गुमराह करने लगी। महिला के अनुसार, उनके परिवार के लोग कुछ महीनों से लीवर की परेशानी से जूझ रहे हैं। उन्हें इस बात का शक है कि इसी कारण से ऐसा हो रहा है।

दूसरी ओर, योगी सरकार के आने वाले कानून के बारे में बात करें तो आपको बता दें कि एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई मिलावट की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारावास और जुमार्ना सुनिश्चित किया जाना चाहिए और ऐसे अपराध को संज्ञेय और गैर-जमानती मानते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए। योगी ने कहा कि ऐसी घटनाएं भयावह हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। उन्होंने कहा कि इससे सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और इस तरह के नापाक प्रयासों को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं का

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 81,634.72 |
| निफ्टी | 25,013.85 |

# 6जी मानकों व विनियमों में सभी के लिए समावेशिता सुनिश्चित होनी चाहिए: सिंधिया

एजेंसी

नई दिल्ली, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 6जी से संबंधित मानकों तथा नियमों से सभी के लिए समावेशिता और सामर्थ्य सुनिश्चित होना चाहिए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) में अंतरराष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी के उद्घाटन के अवसर पर सिंधिया ने कहा कि चूंकि 6जी के लिए मानक तय किए जा रहे हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग में अपनी सिद्ध क्षमताओं को देखते हुए भारत के पास जबरदस्त अवसर हैं। मंत्री ने कहा, हमारे 6जी मानक जो अभूतपूर्व गति, कम विलंबता और परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता रखते हैं...सभी के लिए समावेशी, सुलभ व किफायती होने चाहिए और केवल तभी यह समग्र मानवता के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंधिया ने 6जी अवसर का लाभ उठाने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसा कि हम विनियामक वातावरण तैयार करते हैं, भारत के पास विनियमनों के निर्माण में योगदान देने की जबरदस्त क्षमता है। भारत में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग या गणित) स्नातकों की एक बड़ी संख्या है। इसकी प्रौद्योगिकी प्रगति एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करती है क्योंकि दुनिया 6जी की ओर बढ़ रही है।

# जल्द हो मेयर का चुनाव, केजरीवाल ने शैली ओबेरॉय को लिखा पत्र

## एससी समुदाय को मिले उसका पूरा अधिकार



एजेंसी

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय को पत्र लिखकर तुरंत मेयर का चुनाव कराने का आग्रह किया और जेल में रहते हुए चुनाव कराने में देरी को लेकर उपराज्यपाल पर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी ने इस साल अनुसूचित जाति (एससी) से मेयर चुनने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने उपराज्यपाल का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि इस साल मेयर का चुनाव नहीं कराने की साजिश की गई है।

केजरीवाल ने दिल्ली प्रशासन पर एससी समुदाय के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम अधिनियम के तहत, महापौर चुनाव हर साल अप्रैल में एमसीडी सदन के पहले विधानसभा सत्र के दौरान होने चाहिए। इस साल, यह 26 अप्रैल के लिए निर्धारित था, लेकिन छह महीने के लिए स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जब हम सत्ता में आए तो लोग यह कहकर हमारा मजाक उड़ाते थे कि दिल्ली को साफ करना असंभव है। लेकिन अब, दिल्ली साफ-सुथरी दिख रही है और हम स्वच्छता के इस स्तर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस पत्र को लिखने का मुख्य कारण यह है कि समझौते के अनुसार, इस कार्यकाल के लिए मेयर अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से चुना जाना था। हालाँकि, मुझे पता चला है कि इसके लिए कोई चुनाव नहीं हुआ है। एससी समुदाय को मेयर चुनने के उसके उचित अवसर से वंचित करना बेहद अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण होगा। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप तुरंत मेयर का चुनाव कराएं और सुनिश्चित करें कि एससी समुदाय को उसका उचित अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि जब मैं जेल में था तो विपक्षी दलों के लोग तरह-तरह से जनता के लिए परेशानी खड़ी करते थे। उन्होंने कई जगहों पर काम बंद करा दिया. लोग आते थे और मुझे अपनी शिकायतें बताते थे। मैं एक-एक करके काम निपटा रहा हूं।' इस साल मेयर का चुनाव अनुसूचित जाति समुदाय से होना था। केजरीवाल ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद मुझे पता चला कि वे मेयर का चुनाव कराने में सक्षम नहीं थे।

**संक्षिप्त समाचार**

### उत्तर प्रदेश के अमेठी में ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मंगलवार देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना जगदीशपुर थानाक्षेत्र के जगदीशपुर-मोहनगंज मार्ग पर नौडाढ़ के निकट हुई। पुलिस ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान रानीगंज के रहने वाले राज कुमार (26), अमित कुमार (23) और मोहनगंज के रहने वाले आकाश (25) के रूप में हुई है।

### लार्सन एंड टुब्रो को आगरा मेट्रो के डिजाइन व निर्माण का ठेका मिला

एजेंसी

नई दिल्ली, इंजीनियरिंग व निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को आगरा मेट्रो के डिजाइन तथा निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसीएल) से एक बड़ा ठेका मिला है। कंपनी ने बुधवार को बीएसई को दी सूचना में बताया, यह ठेका एलएंडटी के भारी नागरिक बुनियादी ढांचे खंड को मिला है। एलएंडटी 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये के बीच के मूल्य के ठेके को बड़ा ठेका बताती है। कंपनी सूचना के अनुसार, उसे उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसीएल) से आगरा मेट्रो प्रथम चरण लाइन-2 के डिजाइन तथा निर्माण के लिए ठेका मिला है।

# ज्ञानवापी: हिंदू पक्ष ने खुदाई में एएसआई की विशेषज्ञता का हवाला दिया, अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को

एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने स्थानीय अदालत के समक्ष कहा कि पुरातात्विक चीजों की खोज में एएसआई को महारत हासिल है, लिहाजा मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे खुदाई कराके ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण कराना चाहिए। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) जुगल शंभू ने दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख 19 अक्टूबर तय की है। अधिवक्ता यादव ने कहा, हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश शंभू के समक्ष अपनी दलील में कहा कि पांच महिला वादियों के मामले में एएसआई सर्वेक्षण की कार्रवाई पहले भी की जा चुकी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को खोदाई कार्य में विशेषज्ञता हासिल है।

उन्होंने दलील देते हुए कहा कि वाराणसी में सारनाथ और राजघाट की खोदाई एएसआई ने ही की है तथा यहां तक कि मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई भी एएसआई ने ही की थी। यादव ने कहा, इसी आधार पर ज्ञानवापी की भी 4७4 फुट खोदाई की जानी चाहिए और ज्ञानवापी के केंद्रीय गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए 19 अक्टूबर की तारीख तय की है। उनके मुताबिक, उम्मीद है कि अगली सुनवाई में मुस्लिम पक्ष अदालत के समक्ष अपनी दलील पेश करेगा। पिछली आठ अक्टूबर को मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने कथित तौर पर अदालत के समक्ष दलील दी थी कि जब हिंदू पक्ष ने मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में आगे बढ़ाने की अपील की है तो निचली अदालत में इस मामले पर बहस करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण एक बार पहले हो चुका है तो दूसरा सर्वेक्षण कराने का कोई औचित्य नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने यह भी कहा था कि सर्वेक्षण के लिए मस्जिद परिसर में गड्ढा खोदना किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं है और इससे मस्जिद को नुकसान हो सकता है। इससे पहले, हिंदू पक्ष ने तर्क दिया था कि ज्ञानवापी परिसर में स्थित मस्जिद के गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग का मूल स्थान मौजूद था।

# युवा आईपीएस अधिकारियों को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के अंत के लिए कठोरता दिखानी होगी: शाह

एजेंसी



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सभी युवा अधिकारियों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का अंत करने के लिए कठोर रुख के साथ काम करना होगा। यहां भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2023 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ बातचीत में शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि पुलिस देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करे। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं के भीतर होने वाले अपराधों को कम करने और नागरिकों को कम से कम समय में न्याय दिलाने के लिए पुलिस व्यवस्था को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की जाए और उनके खिलाफ अत्याचारों को रोकने के प्रयास किए जाएं। गृह मंत्री ने कहा कि गरीबों, बच्चों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा का मतलब सिर्फ सीमा की सुरक्षा नहीं है। उन्होंने कहा, राष्ट्र नागरिकों से बनता है। नागरिकों की सुरक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा का आधार है। शाह ने कहा कि जब वह सुरक्षा की बात करते हैं तो यह केवल जीवन और संपत्ति की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा नागरिकों को दिए गए अधिकारों की सुरक्षा भी है।

# नीतीश के साथ फिर गठबंधन के सवाल पर बोले तेजस्वी यादव

## अब सवाल ही नहीं, उनका समय खत्म हो गया है

एजेंसी



नई दिल्ली, राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया और दावा किया कि थके हुए जदयू अध्यक्ष के लिए समय आ गया है। जनवरी में जब कुमार अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट आए तो यादव को उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में दिन-ब-दिन कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर डालें तो...ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां हत्या, लूटपाट, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध नहीं होते हों।

राजद नेता ने दावा किया कि बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज होती है, जांच शून्य होती है, पीड़ित परिवार को कभी न्याय नहीं मिलता और आरोपी छूट जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब बिहार नहीं चला पा रहे हैं, थक चुके हैं, उनकी स्थिति हम देख सकते हैं। बांका जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने उन्हें चुनौती दी कि वे केंद्र में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके जाति जनगणना करवाएं, साथ ही राज्य के लिए विशेष दर्जा और हाल की बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों के लिए राहत पैकेज भी हासिल करें।

एक सवाल के जवाब में, अब विपक्ष के नेता, यादव ने कहा अब नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका समय समाप्त हो गया है। वह थक गए हैं और अब बिहार पर शासन करने में सक्षम नहीं हैं। विशेष रूप से, यादव की पार्टी, जिसका नेतृत्व उनके पिता लालू प्रसाद कर रहे हैं, की जद (यू) के साथ दो साझेदारियाँ रही हैं, दोनों ही अल्पकालिक रहीं। दोनों पार्टियों ने पहली बार 2015 में गठबंधन किया था, जब गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी, हालांकि कुमार दो साल बाद एनडीए में वापस चले गए।

# भारत में चल रही सांस्कृतिक पुर्नजागरण की लहर: लक्ष्मण आचार्य

एजेंसी



वाराणसी। प्रख्यात लेखिका डॉ. नीरजा माधव की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'भारत का सांस्कृतिक स्वभाव' का लोकार्पण करते हुए असम एवं मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि जिस तरह से तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना स्वान्तः सुखाय की थी लेकिन कालांतर में रामचरितमानस पूरे देश ही नहीं विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग दिखाने वाला महाकाव्य बन गया। इसी तरह से नीरजा माधव ने भी अपनी संतुष्टि के लिए और भारतबोध की भावना के साथ इस पुस्तक की रचना की है, लेकिन मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक पूरे राष्ट्र के लिए और समाज के लिए संतुष्टि प्रदान करने वाली बनेगा। वे यहां वाराणसी के कमिश्नरी सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे।

कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के पूर्व कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, उप्र विधान परिषद के सदस्य डा. धर्मेंद्र राय, जम्मू दीप बौद्ध मंदिर के विहाराधिपति डा. सिरी सुमेध थेरो भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल आचार्य ने आगे कहा कि हाल के वर्षों में भारत में एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की लहर चल रही है। अपने अतीत से लोग फिर से परिचित होना चाह रहे हैं। नीरजा माधव की यह कृति भारत की सांस्कृतिक विरासत से लोगों का पुनः परिचय कराने का एक सशक्त आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत को जानने की जिज्ञासा रखने वालों के लिए यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जो लोग दूर दराज से भारत को समझना चाहते हैं, उसकी सांस्कृतिक विरासत से परिचित होना चाहते हैं, उनके लिए ₹भारत का सांस्कृतिक स्वभाव₹ पुस्तक एक आवश्यक पुस्तक है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जीसी त्रिपाठी ने कहा कि जब किसी भूखंड पर जीव सृष्टि का निर्माण होता है तो उसे देश की संज्ञा मिलती है। जब वह जीव सृष्टि अपने साथ एक दर्शन, दृष्टि, विचार और मूल्यों के साथ कुछ सिद्धांतों और परंपराओं को अंगीकार करता है तब उसे राष्ट्र की संज्ञा मिलती है।

## सम्पादकीय

# भारत से संबंध बिगाड़ना कनाडा को ही पड़ेगा भारी

पहले से ही खराब चल रहे भारत और कनाडा के संबंध और तल्ख हो गए हैं, जब कनाडा की ओर से अनर्गल बयानबाजी शुरू हुई, जिसमें भारत पर कई नए आरोप मढ़े गए। बात इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने छह-छह राजनयिक एक-दूसरे के निकाल दिए। कनिष्क विमान अपहरण की घटना के बाद से कनाडा व भारत के रिश्ते अभी सबसे बुरे दौर में हैं। अतीत में दोनों मुल्कों के मधुर संबंध रहे हैं, लेकिन कनाडा की राजनीति में भारतीयों के प्रबल होते जाने के साथ ही दोनों देशों के संबंध में खटास बढ़ने लगी है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने अपने भारतीय मतदाताओं को खुश रखने के लिए निज्जर मामले में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए, जिससे दोनों मुल्क के मधुर संबंध बिगड़े। सोमवार को राजनयिक निकाले जाने की घटना के अगले दिन मंगलवार को भारत ने कनाडा द्वारा अपने देश में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के आरोपों को खारिज कर दिया। कनाडा ने दावा किया कि उसने भारत से निज्जर हत्याकांड मामले के सबूत साझा किए, भारत ने कहा कि सबूत नहीं दिए। जस्टिन ट्रूडो ने ताजा आरोप लगाया है कि भारत उनके देश में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर गुप्त अभियान चलाने सहित विभिन्न गतिविधियों में शामिल है, भारत सरकार ने इसे भी खारिज कर दिया है। दरअसल, भारत और कनाडा के संबंध उस समय और खराब हो गए जब भारत ने सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजदूत को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने की घोषणा की। सही मायने में बिगड़ते संबंध का कनाडा पर अधिक असर पड़ेगा। मुख्य रूप से छात्रों के आव्रजन, आपसी व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अभी दो दिन पहले खबर आई कि कनाडाई पीएम को अपने ही सांसदों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उनकी कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। उसके बाद से ट्रूडो भारत पर आरोपों की झड़ी लेकर सामने आए हैं। उनके तमाम पैतरे बेकार साबित हो रहे हैं, उल्टे वे कनाडा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संबंध खराब होने से भारतीय छात्रों की संख्या कनाडा में कम होगी, तो इससे राजस्व में कमी आएगी। स्किल जॉब सेक्टर में भी भारतीय छात्रों की कमी का बुरा असर पड़ेगा। सांस्कृतिक आदान प्रदान, जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान व अनुसंधान सहयोग में भी कमी आएगी। प्रस्तावित कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर भी असर पड़ सकता है। तनाव के चलते अभी वार्ता रोक दी गई हैं। भारत ने कनाडा से दालों का आयात कम कर दिया है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था कनाडा को बेहतर व्यापार अवसर देता है, पर अब कनाडा वंचित होगा। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। भारत के साथ कनाडा के तनावपूर्ण संबंध प्रमुख इंडो-पैसिफिक संस्थानों में शामिल होने की उसकी क्षमता को बाधित कर रहे हैं। कनाडा भारत में वांछित आतंकियों को पनाह देकर अपना सहित विश्व का नुकसान ही करेगा। दोनों देशों को संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।



विश्व खाद्य दिवस
रविशंकर

सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक–राजनीतिक कारणों का परिणाम है। जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं अपितु कई देशों में खाने की भारी किल्लत है।

# भूख और कुपोषण से जूझती दुनिया

विज्ञान और तकनीक एक तरफ देश में क्रांति ला रही है तो दूसरी तरफ हम मानव के जीवन की प्राथमिक जरूरत, भूख को पूरा नहीं कर पाए हैं। ये अपार प्रगति सबके लिए भोजन का प्रबन्ध नहीं कर पाई है। वहीं सामाजिक और आर्थिक विकास के पैमाने पर देखें तो भारत की एक विरोधाभासी तस्वीर उभरती है। एक तरफ तो हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देश हैं तो दूसरी तरफ भूख और कुपोषण के तमाम आंकड़े सोचने के लिए मजबूर करते हैं। विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं की चपेट से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सका है। सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है।

जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। अपितु विश्व के कई देशों में खाने की भारी किल्लत है। खाद्यान्नों की कमी और बढ़ती जनसंख्या ने विश्व में ऐसी विकट स्थितिपैदा की है जहां करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए अपना खून-पसीना एक करने को बेबस हैं। यही वजह है कि दुनियाभर में भोजन की कमी और भूख से हर साल करोड़ों जानें काल के गाल में समा जाती हैं। अहम सवाल है ये है कि क्या सिर्फ कृषि उत्पाद बढ़ाकर और खाद्यान्न को बढ़ा कर हम भूख से अपनी लड़ाई को सही दिशा दे सकते हैं। चाहे विश्व के किसी कोने में इस सवाल का जवाब हां हो, पर भारत में इस सवाल का जवाब ना है और इस ना की वजह है खाद्यान्नों को रखने के लिए जगह की कमी। यूं तो भारत विश्व में खाद्यान्न उत्पादन में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पिछले दशकों से बना हुआ है। लेकिन ये भी सच है कि यहां प्रतिवर्ष करोड़ों टन अनाज बर्बाद भी होता है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 58,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न भंडारण आदि तकनीकी के अभाव में नष्ट हो जाता है। भूखी जनसंख्या इन खाद्यान्नों पर ताक लगाए बैठी रह जाती है। इतना ही नहीं, भारत में लाखों टन अनाज हर साल खुले में सड़ जाते हैं। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब करोड़ों लोग भूखे पेट सो रहे हैं और पांच साल से छोटे बच्चों की एक बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार है। ऐसा नहीं है कि भारत में खाद्य भंडारण के लिए कोई कानून नहीं है। लेकिन इसके बावजूद आज भी लाखों टन अनाज बर्बाद होता है। तमाम लोग दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इसी जद्दोजहद में गरीब दम तक तोड़ देते हैं। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने भूख से लड़ने के लिए कारगर उपाय नहीं किए हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी



मिशन, नरेगा, मिड डे भोजन, काम के बदले अनाज, सार्वजानिक वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा नेट, अंत्योदय अन्न योजना आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि सभी देशवासियों की भूख मिटाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के लिए रोजगार परक आय व पोषणयुक्त भोजन मिल सके। लेकिन कागजों पर बनने वाली ये योजनाएं जमीन पर कितनी अमल की जाती हैं इसका अंदाजा आप भारत में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या से लगा सकते हैं। सम्पूर्ण विश्व में बेहद तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद भी आज भी भारत में गरीबी और कुपोषण एक समस्या बनी हुई है। हमारा सिस्टम अभी तक इस गंभीर समस्या का समाधान करने में नाकाम रहा है। यही वजह है कि देश की एक तिहाई से ज्यादा बच्चे अभी भी कुपोषण का शिकार हैं। देश में कुपोषण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं में एनीमिया की शिकायत आम है और बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं। इस कारण पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की लंबाई सामान्य से कम और वजन लंबाई के मुताबिक नहीं है। उम्र की तुलना में कम लंबाई वाले बच्चों की संख्या के मामले में बिहार 43 फीसदी हिस्सेदारी के साथ मेघालय के बाद देश में दूसरे नंबर पर है। हालांकि, शिशु मृत्यु दर के मामले देश के अधिकतर राज्यों में कम हुए हैं। इसकी वजह टीकाकरण बताई गई है, लेकिन भूख और कुपोषण की स्थिति अभी चिंतनीय स्तर पर है। इसका साफ मतलब यह है कि तमाम योजनाओं के ऐलान और बहुत सारे वादों के बावजूद अगर देश में भूख व कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या कम नहीं कर पाए हैं। योजनाओं को लागू करने में कहीं न कहीं भारी गड़बड़ियां और अनियमितताएं हैं। सवाल है, भारत में इस भुखमरी का कारण क्या है, क्या संसाधनों की कमी है? नहीं ऐसी स्थिति कम से कम भारत में नहीं है। भारत में न तो प्राकृतिक संसाधनों की कमी है और न ही वित्तीय संसाधनों की। कमी है तो केवल प्राथमिकता की।

खैर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कुपोषण, अल्पपोषण, कम वजन जन्म और रक्ताल्पता से मुद्दे पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। सरकार ने राष्ट्रीय पोषण मिशन का नाम बदलकर 'पोषण अभियान' कर दिया है। लेकिन भारत में कुपोषण की इतनी बड़ी समस्या है कि इससे निपटना आसान नहीं है। साफ है, अपेक्षाकृत तेजी से आर्थिक विकास के बावजूद भारत कुपोषण की समस्या को दूर करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि पोषण की स्थिति में सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में संरचनात्मक बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। ऐसा करके ही कुपोषण मुक्त भारत एवं 2030 तक गरीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। इसके लिए कुपोषित परिवारों की पहचान कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। इसके लिए भारत में पोषण के कार्यक्रमों को एक जन आंदोलन में बदलना होगा, जिसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। केंद्र एवं राज्यों के महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, खाद्य एवं अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय के साथ कुपोषण संबंधी कार्यक्रमों को एक साथ सामूहिक रूप से लागू करने पर ही कुपोषण रूपी दुश्मन को जड़ से मिटाया जा सकता है। समय-समय पर कुपोषण संबंधी डाटा का मूल्यांकन, उसे कम करने के प्रयासों की समीक्षा के साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## मुद्दा

डॉ. अशोक कुमार वर्मा



# युवा पीढ़ी में बढ़ती जा रही धूम्रपान की प्रवृत्ति

आधुनिकता के युग में मनुष्य भौतिकतावाद में उलझकर रह गया है। दूसरी ओर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनके पास करने को कोई काम नहीं है अथवा यह कह लें कि वे कुछ करना ही नहीं चाहते। कुछ लोग तनाव दूर करने के लिए, कुछ आनंद के लिए और कुछ मौज-मस्ती के लिए नशे का सेवन करते हैं। यहां पर यह चर्चा करना आवश्यक है कि धूम्रपान की प्रवृत्ति आज युवाओं में बढ़ती जा रही है। यहां तक कि महिलाओं द्वारा भी धूम्रपान करना सामान्य बात हो गई है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर प्रतिबंध होने के बाद भी लोग इस नियम की अवहेलना कर रहे हैं। भारत में गणतंत्र के 54वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहां 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी।

इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहां यह विक्रय करना प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर x 30 सेंटीमीटर आकार का सफ़ेद पृष्टभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर 'गैर-धूम्रपान क्षेत्र' व 'धूम्रपान अपराध है' लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इतना ही नहीं, 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो देश में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। एक लेख के अनुसार प्रतिदिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती है जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं। अब प्रश्न उठता है कि भारत में एक ओर तम्बाकू रोजगार प्रदान करता है तो दूसरी ओर मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकारक है। तम्बाकू के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, लकवा, श्वास रोग, दमा, कैंसर जैसी भयानक व्याधियां हो रही हैं। लोगों ने इसे आजीविका का साधन बना लिया है। चिंता का विषय यह है कि आज 100/200 मीटर पर कोई खाद्य सामग्री मिले या न मिले तम्बाकू उत्पाद अवश्य दिखाई दे जाते हैं। रंग-बिरंगे पाउच में विभिन्न प्रकार के पान मसाले और तम्बाकू लटके मिलते हैं। यदि हम चाहते हैं कि हमारी आने वाली संतान नशों से दूर रहे तो तम्बाकू उत्पाद पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना होगा। जो लोग इसके आदि हो चुके हैं उन लोगों को इसे छोड़ने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। यदि नशा कोई भी अच्छा होता तो सबसे पहले हमारे माता-पिता हमें सेवन के लिए दे देते। आज सिगरेट और हुक्का परिवर्तित रूप में हमारे सामने आ चुका है और वो है ई-सिगरेट और ई-हुक्का जो प्रतिबंधित है। आज भी लोगों की धारणा है कि हुक्का भाईचारे का प्रतीक है जबकि यह मिथ्या है। यदि हुक्का हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग होता तो इसका वर्णन वेद ग्रन्थ और शास्त्रों में अवश्य होता। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषेध करने के लिए कानून तो है लेकिन पालना अभी भी नहीं हो रही है।

(लेखक हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास के प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हृदय का करें अनुसरण





संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी की बुद्धि।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा





संकलित
**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतरराष्ट्रीय ओजन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।

*– योगेश पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी की दुनिया



भारत ने प्रौद्योगिकी की दुनिया को समावेशी बनाया है। इसने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाया है। इसे भारत के सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निर्वाचन आयोग का स्वागत



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र व झारखण्ड राज्य विधानसभा आमचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा का स्वागत। चुनाव जितना कम समय में तथा जितना पाक-साफ अर्थात धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो, उतना ही बेहतर।

**- मायावती, बसपा प्रमुख**

### इसरो प्रमुख का सम्मान



इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ को प्रतिष्ठित आईएएफ विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने भारत के 'चंद्रयान3' अंतरिक्ष अन्वेषण का नेतृत्व कर हमें सफल चंद्र लैंडिंग में सक्षम देशों के एक विशिष्ट समूह की श्रेणी में ला खड़ा किया।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### बॉलीवुड में 25 साल पूरे



बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने के लिए बहुत आभारी हूं। एक ऐसे क्षेत्र में काम करना जो नौकरी नहीं बल्कि वरदान जैसा लगता है। इस यात्रा में आपके प्यार के लिए धन्यवाद।

**-आफताब शिवदासानी, अभिनेता**



## करंट अफेयर

# तालिबानी मीडिया प्राणियों की तस्वीरें नहीं दिखा रहा



तालिबान द्वारा संचालित मीडिया ने नैतिकता कानूनों का पालन करने के लिए अफगानिस्तान के कुछ प्रांतों में प्राणियों की तस्वीरें दिखाना बंद कर दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। देश के धर्माचरण मंत्रालय ने अगस्त में सार्वजनिक परिवहन, दाढ़ी बनाना, मीडिया और समारोहों जैसे रोजमर्रा के जीवन के पहलुओं को नियंत्रित करने वाले कानूनों को प्रकाशित किया था जो इस्लामी कानून या शरिया की अधिकारियों की व्याख्या को प्रतिबिंबित करते हैं। अनुच्छेद 17 के तहत प्राणियों की तस्वीरों के प्रकाशन पर प्रतिबंध है, जिससे अफगान मीडिया और प्रेस की स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ–उल–इस्लाम खैबर ने कहा कि तखार, मैदान वरदक और कंधार प्रांतों में सरकारी मीडिया को सलाह दी गई है कि वह ऐसी किसी भी चीज़ का प्रसारण या प्रकाशन न करें जिनमें जान होती है, मसलन इंसान और पशु। खैबर ने एक दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया था कि मंत्रालय नैतिकता कानूनों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या ये नियम विदेशी मीडिया सहित सभी मीडिया संस्थानों पर लागू होंगे या सिर्फ अफगान चैनलों और वेबसाइट पर ही लागू होंगे।

## ऑफ बीट

# सर्दी और फ्लू के मौसम के लिए बरते सावधानी



जैसे–जैसे शरद ऋतु और फिर शीत ऋतु के महीने आ रहे हैं, कनाडाई लोगों से आगामी मौसम के दौरान फ्लू के प्रति सावधानी बरतने का आग्रह किया जा रहा है। कनाडा में फ्लू का मौसम आमतौर पर दिसंबर और फरवरी के बीच चरम पर होता है, लेकिन वायरस इससे भी पहले फैल सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकारी शीघ्र टीकाकरण की वकालत कर रहे हैं तथा इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वार्षिक फ्लू टीका संक्रमण से बचाव तथा बीमारी की गंभीरता को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। कनाडा भर में स्वास्थ्य केंद्र फ्लू का टीकाकरण निशुल्क करते हैं। इन्फ्लूएंजा इन्फ्लूएंजा को आम तौर पर फ्लू के नाम से जाना जाता है। यह इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाली एक श्वसन संबंधी बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलती है। ये वायरस मुख्य रूप से नाक, गले और फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। फ्लू के लक्षणों में आमतौर पर बुखार आना, ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, खांसी, नाक बंद होना, नाक बहना, सिरदर्द और थकान शामिल हैं। सामान्य सर्दी के विपरीत, जो अक्सर धीरे–धीरे बढ़ती है, फ्लू अचानक होता है और निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है।



# अजय हैं बॉलीवुड के असली दबंग

**नई दिल्ली।** अजय देवगन बॉलीवुड के वो स्टार हैं जो अक्सर बॉक्स ऑफिस पर किसी फिल्म के साथ मुकाबले में फंस जाते हैं। लेकिन वह कभी भी कदम पीछे नहीं हटाते हैं और इसलिए उन्हें बॉलीवुड का दबंग भी कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बॉक्स ऑफिस पर 15 साल, 14 मुकाबले और 5 में जीत तो यही साबित करता है। दिवाली 2024 पर जहां उनकी फिल्म सिंघम अगेन का मुकाबला भूल भुलैया 3 से होने जा रहा है। वहीं आने वाले समय में रेड 2 भी मुकाबले में फंस सकती है। अजय देवगन की 'रेड 2' और नेशनल क्रश कही जाने वाली एनिमल फेम एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी 'धड़क 2' 21 फरवरी, 2025 को एक साथ रिलीज होंगी। रेड 2 में अजय देवगन एक बार फिर अमय पटनायक के अपने अपने दमदार किरदार के साथ वापसी कर रहे हैं। 2018 में रिलीज हुई रेड ने बॉक्स ऑफिस पर 153 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

## लाइफ Style

# भूमिका

## सलमान की फिल्म से किया कमबैक

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमिका चावला ने सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम'से अपने करियर की शुरुआत की थी। ऑडियंस को सिल्वर स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बहुत पसंद आई। रिलीज के बाद 'तेरे नाम'बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थी। साल 2008 में उन्होंने पंजाबी फिल्म 'यारियां'में काम किया, जिसमें उन्होंने गुरदास मान के साथ स्क्रीन शेयर किया।

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

सुपरस्टार मोहनलाल के साथ फिल्म 'भ्रमरम'में काम किया। भूमिका चावला ने साल 2023 में सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान'के साथ बॉलीवुड में कमबैक किया। कुछ समय पहले भूमिका चावला ने खुलासा किया था कि पहली फिल्म की सक्सेस के बाद उन्हें 'जब वी मेट'और 'मुन्ना भाई एबीबीएस'जैसी फिल्मों में रिप्लेस कर दिया गया था। एक इंटरव्यू में भूमिका चावला ने बताया था कि उन्हें केवल एक बार निराशा महसूस हुई, जब करीना कपूर ने इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' में उनकी जगह ले ली। भूमिका ने यह भी बताया कि संजय दत्त की फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस'में उनकी जगह ग्रेसी सिंह को लिया गया था। भूमिका चावला ने कहा, 'मुझे केवल एक बार बुरा लगा, जब मैंने 'जब वी मेट'साइन की, लेकिन काम नहीं कर पाई। तब मेरे साथ बॉबी (देओल) को पेयर किया गया था और फिल्म को ट्रेन नाम दिया गया था। फिर, शाहिद (कपूर) और मैं, फिर शाहिद और आयशा और इसके बाद शाहिद और करीना (कपूर) को कास्ट किया गया। इस तरह से चीजें हुईं, लेकिन कोई बात नहीं। मुझे सिर्फ एक बार बुरा लगा और फिर कभी नहीं, क्योंकि मैं आगे बढ़ गई थी।



## हॉलीवुड मसाला

# पॉल को नहीं पसंद आई जोकर



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अमेरिकी पटकथा लेखक और फिल्म निर्देशक पॉल जोसेफ श्रेडर ने साल 2019 में आई जोकर और जोकर 2 को लेकर कई बातों से पर्दा उठाया है। उन्होंने पूरी फिल्म जोकर देखने की बजाय पॉल ने शॉपिंग का मन बनाया और फिल्म छोड़कर कुछ खरीदने के लिए थिएटर से बाहर चले गए। इसके अलावा जोकर 2 का संगीत उन्हें कुछ खास पसंद नहीं आया।पॉल ने कहा, 'मुझे इनमें से कोई भी व्यक्ति पसंद नहीं आया। मैं उन्हें अभिनेता के रूप में पसंद नहीं करता।



# भारत में 18 को रिलीज होगी 'द वाइल्ड रोबोट'

**लॉस एंजिल्स।** एनिमेटेड फिल्म 'द वाइल्ड रोबोट' ने साल 2024 में यूएसए के बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। अब यह फिल्म 18 अक्टूबर को अंग्रेजी और हिंदी में पूरे भारत के सिनेमाघरों में 3डी और आईमैक्स में रिलीज हो रही है। 'द वाइल्ड रोबोट' की कहानी एक सहायक रोबोट रोज (लुपिटा न्योंगो) पर केंद्रित है, जो एक निर्जन द्वीप पर पहुंच जाती है।

अपने नए परिवेश में ढलने के दौरान, वह ब्राइटाबिल (किट ओ'कॉनर) नामक एक अनाथ हंस की मां बन जाती है और कैथरीन ओ'हारा, पेड्रो पास्कल और अन्य द्वारा आवाज दिए गए द्वीप के अन्य जानवरों के साथ दोस्ती करती है। इस एनीमेशन फिल्म और इसकी कहानी को समीक्षकों और दर्शकों से सकारात्मक समीक्षा मिली। फिल्म ने यूएस के सिनेमाघरों में तकरीबन 842 करोड़ रुपए की कमाई की।



# करीना की बात सुन हैरान रह गई थीं

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सैफ अली खान और मशहूर एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने काफी दिनों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद शादी रचाई थी। इन दोनों की लव स्टोरी के बारे में जब करिश्मा कपूर को पता चला था तो हैरान रह गई थीं। हाल ही में, करिश्मा और करीना कपूर नेटफ्लिक्स के शो 'द कपिल शर्मा शो' में दिखाई दी थीं। करिश्मा कपूर ने 'द कपिल शर्मा शो'में एक दिलचस्प

घटना बताई। उन्होंने उस दिन को याद किया जब करीना ने सैफ के साथ अपने रिश्ते के बारे में पहली बार उनसे खुलकर बात की थी। करिश्मा ने बताया कि वह लंदन की सड़कों पर चल रही थीं, तभी करीना ने उन्हें फोन किया। करीना ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे आपको कुछ बताना है, इसलिए आपको बैठ जाना चाहिए।




# 'गजनी-2' को लेकर कस ली है कमर

**मुंबई।** आमिर खान अपनी अगली सुपरहीरो फिल्म के लिए निर्देशक लोकेश कनगराज से बातचीत कर रहे हैं, जो 2026 में फ्लोर पर जा सकती है। साथ ही, वो अपनी पिछली फिल्म 'गजनी' के सीक्वल 'गजनी 2' को लेकर भी प्लान कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी इस अगली फिल्म के लिए वो साउथ के फिल्ममेकर अल्लू अरविंद के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने अल्लू अरविंद और मधु

मंटेना से कहा कि वो 'गजनी 2' के लिए एक असरदार सब्जेक्ट ढूंढें। मधु मंटेना अपनी टीम के साथ अब इस फिल्म के आइडिया पर काम कर रहे हैं। आमिर खान जहां साल 2025 में 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं खबर है कि अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए वो कई फिल्म निर्माताओं से बात कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# 'केबीसी 16' कंटेस्टेंट प्रशांत ने अपनी लाचारी की कहानी सुनाई

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'केबीसी 16' कई वजहों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। इस शो में अमिताभ की मेजबानी, जेनरल नॉलेज को लेकर त0माम जानकारियां, हंसी-मजाक और बीच-बीच में एक्टर की लाइफ से जुड़े किस्सों के अलावा ये शो कंटेस्टेंट्स की इमोशनल कहानियों को भी दर्शकों से खूब जोड़ता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब अपनी लाचारी और इलाज के लिए परेशान प्रशांत शो में पहुंचे। 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीज़न में अगले कंटेस्टेंट बनकर पहुंच रहे है महाराष्ट्र के सांगली के निवासी प्रशांत प्रमोद जामदाड़े, जो अब हॉट सीट पर नजर आनेवाले हैं। प्रशांत चलने से लाचार हैं, जिसकी वजह उनकी सर्जरी है। जब अमिताभ ने उनकी पूरी कहानी सुनी तो वो दुखी हो गए। अमिताभ ने हॉटसीट पर बैठने के दौरान प्रशांत की मदद की। जैसा कि हमेशा अमिताभ पूछा करते हैं, उन्होंने प्रशांत से भी यहा सवाल किया। उन्होंने पूछा कि वह जीती गई धनराशि का क्या करना चाहते हैं? इसपर दिव्यांग प्रशांत ने कहा कि वह अपने पैर का सही इलाज करवाना चाहते हैं। फिर उन्होंने पूछा कि क्या आपने किसी डॉक्टर से सलाह ली है? इस पर प्रशांत ने कहा कि सांगली में अच्छे हॉस्पिटल नहीं हैं। इसपर अमिताभ ने आश्वासन देते हुए उन्हें कहा- मुंबई में कई बेहतरीन हॉस्पिटल हैं जहां नसों से जुड़ी समस्या का अच्छा इलाज होता है। उन्होंने कहा- मैं आपकी मदद करने की पूरी कोशिश करूंगा।

## देवोलीना ने करवाया मैटरनिटी फोटोशूट

**नई दिल्ली।** टीवी की 'गोपी बहू' देवोलीना भट्टाचार्जी जल्द ही मां बनने वाली हैं। वह अपने इस प्रेग्नेंसी फेज को खूब इंजॉय कर रही हैं। देवोलीना ने हाल ही मैटरनिटी फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में देवोलीना बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो और पहली बार मां बनने की खुशी की चमक खूब झलक रही है। देवोलीना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वह किसी तस्वीर में पति शहनवाज संग रोमांटिक होती नजर आ रही हैं, तो किसी में बेबी बंप को सहला रही हैं। तस्वीर में उनका प्यारा डॉगी एंजल भी है। तस्वीरें शेयर कर देवोलीना ने लिखा है, 'पैरेंट्स के रूप में हमारी एडवेंचर भरी जर्नी जल्द शुरू होने वाली है और मैं इसके लिए बहुत एक्साइटेड हूं।' इन तस्वीरों पर प्यार लुटाते हुए फैंस ने दिल छू लेने वाले कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, 'किसी की नजर ना लगे। बहुत खूबसूरत।' एक और कमेंट है, 'बहुत सुंदर लग रही हो देवोलीना।' फैंस के अलावा कपल के दोस्तों ने भी उन्हें बधाई दी है और प्यार उड़ेला है।



# इस फिल्म को देखने के बाद कई दिनों तक नहीं सो पाए थे दर्शक...

**नई दिल्ली।** आजकल हॉरर फिल्मों का क्रेज है। चाहे वो हॉरर कॉमेडी हो या भी भयंकर रूप से डराने वाली भूतिया फिल्में, लोग इनका खूब मजा ले रहे हैं। हाल में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया, जिसके बाद हॉरर फिल्मों का बाजार फिर गर्म हो गया है। आज हम एक ऐसी हॉरर फिल्म की बात कर रहे हैं, जिसमें टीवी की कई सितारे नजर आए थे और पर्दे पर गजब का खौफनाक मंजर पेश किया था. दोस्तों की ये कहानी और उनके साथ हुई घटनाएं आपको खूब डराती हैं।



**फिल्म की कहानी :** फिल्म में सात दोस्तों की अनोखी कहानी को दिखाया गया है। ये सातों दोस्त कई सालों से बंद पड़े होटल में जाते हैं, जो पहले एक मेंटल एसाइलम हुआ करता था। इस होटल में उनके साथ अनहोनी घटनाएं होने लगती हैं। होटल के अंदर से कौन-कौन जिंदा बाहर निकल पाता है और कौन इस रहस्यमयी होटल में गायब हो जाता है, इसका पता को फिल्म देखने पर ही आपको चलेगा। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखाया था, लेकिन ओटीटी पर इसे अच्छा रिस्पांस मिला है।

### 11 साल पहले हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं साल 2013 में आई फिल्म हॉरर स्टोरी की। फिल्म को आयुष रैना ने डायरेक्ट किया था और इसकी स्टोरी विक्रम भट्ट ने लिखी थी। फिल्म में टीवी के कई जाने माने सितारे नजर आए थे और दर्शकों को खूब डराया था। करण कुंद्रा और निशांत मलकानी ने इसी फिल्म के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। इनके साथ ही फिल्म राधिका मेनन, रवीश देसाई, हसन जैदी, अपर्णा बाजपेयी, नंदिनी वैद और हीतल सिंह जैसे कलाकार भी थे।



# 'सिटाडेल' के ट्रेलर लॉन्च में छा गए वरुण-सामंथा

**नई दिल्ली।** वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु अभिनीत वेब सीरीज 'सिटाडेल हनी बनी' ट्रेलर जारी हो चुका है। ट्रेलर एक भव्य इवेंट में लॉन्च किया गया है, जिसमें वरुण धवन और सामंथा भी शानदार अंदाज में पहुंचे। मंच पर दोनों सितारों ने साथ-साथ एंट्री ली। दिलचस्प बात है कि दोनों मैचिंग आउटफिट में नजर आए। सामंथा और वरुण दोनों ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्रेलर लॉन्च इवेंट में चार चांद लगाने पहुंचे। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पूछा गया कि ट्रेलर में आप पावर पैक नजर आ रहे हैं। एक्शन है का धमाल है। आपने क्या इसके लिए किसी खास तरह की तैयारी की? स्पेशल ट्रेनिंग ली? इस पर वरुण धवन ने कहा, 'इसके लिए तमाम तरह की तैयारियां की गई हैं। हमने राज और डीके और सीता की छत्रछाया में काम किया। उम्मीद है कि अब हमारा यह काम दर्शकों को पसंद आएगा।' सामंथा रुथ प्रभु ने कहा, 'इस सीरीज में हमें सभी का बहुत सपोर्ट मिला।

## इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कर दिया था धमाका

# 60 साल पहले की वो हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी मर्डर मिस्ट्री फिल्म क्लाइमेक्स इतना खौफनाक कि दोबारा देखने को मजबूर हुए थे लोग

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा में मर्डर मिस्ट्री फिल्मों का क्रेज शुरू से ही ज्यादा रहा है। अब मर्डर मिस्ट्री और सस्पेंस थ्रिलर कंटेंट का ठेका ओटीटी ने ले लिया है। साल दर साल ओटीटी पर इस जोनर की कई सीरीज और फिल्में रिलीज होती हैं। वहीं बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में भी साल में इक्का-दुक्का मर्डर मिस्ट्री सस्पेंस थ्रिलर फिल्म बनती रहती हैं। आज हम आपका बताने जा रहे हैं 60 साल पहले रिलीज हुई इस हिंदी मर्डर मिस्ट्री फिल्म के बारे में, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म को हिंदी सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी सस्पेंस थ्रिलर मर्डर मिस्ट्री फिल्म का टैग मिला है। इस फिल्म के आगे आज की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्में और वेब-सीरीज फीकी नजर आती हैं।*

### क्या है इस फिल्म का नाम?

हम बात कर रहे हैं साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म 'गुमनाम' की, जिसे राजा नवाथे ने डायरेक्ट किया था। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म थी, जिसमें मनोज कुमार, नंदा, प्राण, हेलेन, महमूद, तरुण बोस, मदन पुरी, मनमोहन और धूमल जैसे स्टार नजर आए थे। इस फिल्म का गाना 'हम काले हैं तो क्या हुआ दिलवाले हैं' आज भी लोगों की जुबां पर रटा हुआ है। फिल्म की कहानी और इसका सस्पेंस दर्शकों को आज भी थ्रिल कर देता है। 'गुमनाम' में मनोज कुमार एक पुलिसवाले के रोल में हैं, जो फिल्म में कातिल का पता लगाते हैं।



### क्या है कहानी और कितनी की कमाई?

फिल्म की कहानी की बात करें यह एक द्वीप पर फंसे 8 लोगों के ईर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में ये सभी एक हवेली में पहुंचते हैं, जहां एक संदिग्ध शख्स पहले से मौजूद होता है। इसके बाद हवेली में इन 8 लोगों में से कुछेक को मौत के घाट उतारा जाता है, लेकिन फिल्म के अंत तक किसी को पता नहीं चलता है कि यह मर्डर क्यों हो रहे हैं और कौन कर रहा है। फिल्म का क्लाईमैक्स इतना रूह कंपा देने वाला है, कि फिल्म को दोबारा देखने का मन करेगा। फिल्म 'गुमनाम' ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर 2.6 करोड़ रुपए की कमाई की थी। आईएमडीबी ने फिल्म को 10 में से 6.9 रेटिंग दी है। अगर आप मर्डर मिस्ट्री फिल्मों के शौकिन हैं तो गुमनाम फिल्म को देख सकते हैं।

## पुलिस-निगम की संयुक्त टीम ने किया आईटीएमएस सिग्नल का निरिक्षण

रायपुर। रायपुर स्मार्ट सिटी, यातायात पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ कार्य एजेंसी एल.एंड.टी. की टीम गुरुवार को एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली के तहत विभिन्न चौक चौराहों पर स्थापित सिग्नल व उनकी टाइमिंग आदि का निरीक्षण करने निकली। ये ट्रैफिक सिग्नल और कैमरे शहरी यातायात को व्यवस्थित करने के साथ ही अपराध नियंत्रण हेतु सवेलांस में उपयोगी हैं। संयुक्त दल में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, नगर निगम के कार्यपालन अधिकारी नितीश झा, आईटीएमएस प्रोजेक्ट की असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती नेहा पटेल, डिप्टी मैनेजर रंजीत रंजन, असिस्टेंट मैनेजर शैलेन्द्र पटेल कार्य एजेंसी एल.एंड.टी. के मैनेजर दीपक मालवीय शामिल थे।

# कलेक्टर ने दक्षिण विधानसभा के मतदान केंद्र के 85 बूथों का किया निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उप-निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदान केंद्रों के 85 बूथों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र में मतदाताओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग गेट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए और मतदाताओं के बैठने के लिए यथासंभव वेटिग हॉल और मतदान केंद्रों में आवश्यकतानुसार बेंच लगाया जाएं। मतदान केंद्र में कुर्सी एवं टेबल लगाया जाए। साथ ही मतदान केंद्र में पेयजल, बिजली, शौचालय, मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था बेहतर की जाएं। एसएसपी संतोष सिंह ने भी मतदान दलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, एडीएम देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राकेश देवांगन समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कटोरातालाब के संत कवर राम उच्चतर माध्यमिक शाला, प्रियदर्शनी नगर के संत ज्ञानेश्वर अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मठपुरैना के शासकीय प्राथमिक शाला, भाठागांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चंगोराभाठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, संतोषी नगर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला, संतोषी नगर के राम मनोहर लोहिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, संजय नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

## आचार्य विद्यासागर के अवतरण दिवस पर एमएमआई में भोजन वितरण

रायपुर। आचार्य विद्यासागर मुनिराज के पावन अवतरण दिवस पर एमएमआई हॉस्पिटल में विशेष सेवा आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए भोजन वितरण का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें 150 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इस सेवा कार्य के मुख्य लाभार्थी परिवार थे राकेश कुमार, राजेश कुमार, अंजू जैन, मोना जैन, केयूर, सौम्या जैन और ईशान जैन। इन सभी ने इस सामाजिक कार्य में सहयोग करते हुए मानव सेवा का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0........./ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आ0 बुढ़िया व अन्य 02, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115,116 के अंतर्गत श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम मेण्ड्राखुर्द में भूमि खसरा नंबर 627/3 रकबा 0.140 हे0 स्थित है। राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 627/3 के स्थान पर त्रुटिवश खसरा नंबर 627/2 अंकित हो गया है। जबकि उक्त भूमि बंटवारे से प्राप्त भूमि है। आवेदकगण द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/11/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...........अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिरूद्व एक्का आ0 राजेन्द्र एक्का जाति उरांव निवासी डकडौआ तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 91/16 रकबा 0.028 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रायोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...........अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूनम तिवारी पिता धीरेन्द्र नाथ तिवारी जाति ब्राहम्ण निवासी पटेलपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 4998/80 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रायोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०) ईश्तहार

रा०प्र०क्र०/ब-121/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो० मुस्ताक आ०स्व० महबूब हुसैन निवासी ग्राम कृष्णनगर तहसील कुसमी जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ0ग0 के ?द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4989/38 रकबा 0.012 हे0 भूमि को अनावेदक सरजू यादव आ० रामकुमार यादव निवासी ग्राम सोनक्यारी तहसील सन्ना जिला जशपुर छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपए 46,11,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 30.10.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**// उद्घोषणा//**

क्रमांक//वाचक-1/व्यपवर्तन/2024
पत्थलगांव, दिनांक 16/10/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम तिलडेगा प.ह.न. 05, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रणवीर सिंह पैकरा पिता रामचंद्र सिंह जाति कवर निवासी ग्राम बंदना तहसील सीतापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तिलडेगा प.ह.न. 05 ख०नं० 910/9 रकबा 0.061 हे0 617.93 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्रि की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 30.10.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से ? जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधीकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार भटगांव तहसील-भटगांव, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0............अ-21/2023-24

**ईश्तहार (भूमि विक्रय हेतु)**

रहमन प्रति सुभाष

आम जनता ग्राम-धरमपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रहमन आ0 जुगला जाति पनिका निवासी ग्राम-धरमपुर तहसील-भटगांव जिला-सूरजपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ग्राम-धरमपुर तहसील -भटगांव जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा नं.1965 रकबा 0.800 हे0 भूमि को आवेदक को शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। आवेदक को अपने भाई के बिमारी के ईलाज कराने हेतु पैसों की आवश्यकता पड़ने के कारण उक्त भूमि को अनावेदक सुभाष राय आ0 गुरूपद राय सा0 गांधीनगर अम्बिकापुर को विक्रय करने का सौदा तय कर बतौर एडवांस 3,00,000/-(तीन लाख रुपए) प्राप्त कर चुका है। उक्त भूमि शासकीय पट्टे से प्राप्त होने के कारण भूमि को विक्रय करने की अनुमति बावत श्रीमान कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने पर न्यायालय कलेक्टर सूरजपुर के पृष्ठांकन क्रमांक/529/वाचक/2023 सूरजपुर दिनांक 06/11/2023 अनुसार जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि को विक्रय करने में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 04/11/2024 को मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। चूंकि सूरजपुर जिला अनुसुचित जनजाति घोषित अधिसूचित क्षेत्र का है। इस कारण यदि कोई अनुसुचित जनजाति का व्यक्ति इस भूमि का क्रय करना चाहता है तो वह इस समयावधि में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। उसे भूमि क्रय करने में सामान्य वर्ग के व्यक्ति की तुलना में प्राथमिकता दिया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भटगांव जिला सूरजपुर (छ0ग0)

# जनसंपर्क विभाग के सचिव ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। जनसंपर्क विभाग के सचिव पी. दयानंद ने गुरुवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सचिव दयानंद ने कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ते जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। उन्होंने बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, नेशनल मीडया और क्षेत्रीय स्तर पर प्रिंट मीडिया में प्रचार-प्रसार कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में जिला जनसंपर्क कार्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे शासन के कार्यों और फ्लैगशिप योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो सके।

### न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील-प्रतापपुर

जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0..........

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सूरज पैकरा आ0 कबीर लाल जाति कंवर निवासी ग्राम पंचायत बंशीपुर, उप तहसील -जरही, तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वयं सूरज पैकरा आ0 कबीर लाल का जन्म दिनांक 11/02/2004 को जन्म ग्राम पंचायत बंशीपुर में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक / /2024 तक इस न्यायालय में प्र्स्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा। ग्राम कोटवार से मुनादी कराकर एवं स्थानीय समाचार में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावें। यह उदघोषणा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक / /2024 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही, प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

### न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील-प्रतापपुर

जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0..........

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि पुन्नी लाल गोंड आ0 महेश जाति गोंड निवासी ग्राम पंचायत बंशीपुर, उप तहसील -जरही, तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वयं पुन्नी लाल आ0 महेश का जन्म दिनांक 01/01/1991 को जन्म ग्राम पंचायत बंशीपुर में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक / /2024 तक इस न्यायालय में प्र्स्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा। ग्राम कोटवार से मुनादी कराकर एवं स्थानीय समाचार में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावें। यह उदघोषणा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक / /2024 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही, प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ0ग0)

### न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०)

राजस्व प्रकरण क्र. /ब-121/2024

**ईश्तहार**

आवेदक का नाम कामेश्वर सिंह आ० शिवराम जाति गोड़ निवासीग्राम रामनगर प०ह०नं०.... ..तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ०ग० ने अपने बुआ का मृत्यु दिनांक 16-08-2016 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 18/10/2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष
ग्राम – केवरा प.ह.न.12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुशवाहा पिता धनेश्वर जाति कोईरी निवासी ग्राम केवरा प.ह.न. 12 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र /पुत्री रागिनी कुशवाहा आ० दीपक कुशवाहा का जन्म/ दिनांक 26/07/2010 को स्थान केवरा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म का पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र /पुत्री रागिनी कुशवाहा का जन्म/ पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत केवरा को आदेशित करने आवेदन न पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/10/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 05/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष
ग्राम – केवरा प.ह.न.12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनन्द लाल पिता मन्नूराम जाति कोईरी निवासी ग्राम केवरा प.ह.न. 12 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री प्रीति कुशवाहा आ० आनन्द लाल कुशवाहा का जन्म दिनांक 05/10/2010 को स्थान केवरा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म का पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र /पुत्री प्रीति कुशवाहा का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत केवरा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/10/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 05/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष
ग्राम – केवरा प.ह.न.12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुशवाहा पिता धनेश्वर जाति कोईरी निवासी ग्राम केवरा प.ह.न. 12 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र /पुत्री प्रियांश कुशवाहा आ० दीपक कुशवाहा का जन्म दिनांक 01/01/2012 को स्थान केवरा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म का पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र /पुत्री प्रियांश कुशवाहा का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत केवरा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/10/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 05/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश पाण्डेय पिता जितेन्द्र मोहन पाण्डेय जाति ब्राहम्ण निवासी दरीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नबर 3583/14 रकबा 0.016 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष
ग्राम – खुटरापारा प.ह.न.07

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानिक यादव पिता सुखलाल जाति अहीर निवासी ग्राम खुटरापारा प.ह.न. 07 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के नानी लखपतिया पति रामनाथ का मृत्यु दिनांक 01/07/2008 को स्थान खुटरापारा में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु का पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने नानी लखपतिया पति रामनाथ का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत खुटरापारा को आदेशित करने आवेदन न पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 25/10/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 17/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...........अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोरी राम भगत आ0 बलभद्र राम भगत जाति उरांव निवासी पतरापारा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम लक्ष्मीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 49/6 रकबा 0.018 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रायोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्षा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

# शीघ्रता के साथ पूर्ण करें अपार आईडी के कार्य- श्री व्यास

## पीएम श्री स्कूल के भौतिक निरीक्षण का निर्देश

■ कलेक्टर ने ली शिक्षा,आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास व खेल विभाग की समीक्षा बैठक



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने शिक्षा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग और खेल विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को अपार आईडी को लेकर विशेष फोकस करने की बात कही तथा जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपार आईडी के लिए लगने वांछित दस्तावेजों, जिन विद्यार्थियों के पास नहीं है उन्हे शीघ्र अपडेट कराकर शत प्रतिशत अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाए ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत विद्यार्थियों के समग्र विकास और शैक्षिक प्रगति को ट्रैक करने के साथ ही एक राष्ट्र एक छात्र आईडी की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान किये जा सके । उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक को विकासखंड, संकुल और शाला स्तर पर प्रक्रिया की सतत निगरानी के निर्देश दिये। इसके साथ ही ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर को अपने क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल के अनिवार्य रूप से साप्ताहिक भौतिक निरीक्षण के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में जाति-निवास प्रमाण पत्र व उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सम्बंध में में भी विस्तृत चर्चा की गई।

खेल विभाग से चर्चा में कॉलेज ग्राउण्ड में प्रस्तावित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (4 लेन) पर जानकारी ली गई। जिसके प्रस्ताव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही योजनाबद्ध तरीके से इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश खेल अधिकारी को दिये गये। इसके साथ ही खेलो इंडिया योजना के तहत सूरजपुर के ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में ''खेलो इंडिया लघु केन्द्र फुटबॉल खेल प्रशिक्षण'' संचालन पर चर्चा की गई । जहां वर्तमान में चयन ट्रॉयल के माध्यम से चयनित 19 बालिका व 20 बालक सहित कुल 39 खिलाड़ी नि:शुल्क फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत कार्यो की जानकारी, आदिवासी कन्या परिसर, आदिवासी सांस्कृतिक दलों की सहायता तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन भुगतान पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के विषयों में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संकल्प साहू, खेल अधिकारी श्रीमती आरती सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न आयोजनो के साथ मनेगा राज्योत्सव

## आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक, सौंपी गई जिम्मेदारी



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** राज्योत्सव के कार्यक्रमो को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजन किये जाने की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें जिम्मेदारी सौपी गई है। गुरुवार को यहाँ जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्योत्सव 2024 के अवसर पर राज्योत्सव के आयोजन को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रमुखों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस वर्ष राज्योत्सव पर यहाँ के स्टेडियम ग्राउंड में 5 नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम किये जाने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। जैसे कि इन दायित्वों में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। विभिन्न विभाग में विशेष उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाए। विगत वर्षो की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित की जाए। शासन के कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को कार्यक्रम में लाभविन्त किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व दलों की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आवास एवं भोजन व्यवस्था, आमंत्रण पत्र एवं वितरण की व्यवस्था, फूल माला एवं पुष्प गुच्छा की व्यवस्था, पुरस्कार स्मृति चिन्ह बैज व प्रमाण पत्र की व्यवस्था, मंच संचालन, मंच पर स्वल्पाहार की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, नियंत्रण कक्ष व चिकित्सा की व्यवस्था, पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था, सुरक्षा शांति एवं यातायात व्यवस्था, बेरिकेड्स की व्यवस्था, पंडाल कुर्सी एवं बैठक व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं फोटो ग्राफी का व्यवस्था एवं समस्त विभाग द्वारा राज्योत्सव स्थल पर विभागीय विषय एवं योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# महाविद्यालय में हुआ जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले जे शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में जनजाति समाज के गौरवशाली ऐतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला श्रीमती निर्मला देवी धुर्वे जनपद सदस्य के मुख्य आथित्य, प्राचार्य जीतन राम पैकरा के अध्यक्षता, अमर सिंह सरपंच, धन सिंह, शिवधन सिंह के विशिष्ट आथित्य में धीरेंद्र कुमार जायसवाल कार्यक्रम संयोजक एवं आभा रंजना कुजूर सहसंयोजक के संयोजन में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं सरगुजा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती माता देवी भीमराव अंबेडकर, संत गहिरा गुरु, राज मोहिनी देवी, बिरसा मुंडा वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती आदि के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य के द्वारा समस्त अतिथियों के प्रति स्वागत उद्बोधन किया गया और कार्यक्रम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य अपने विचार में जनजातीय समाज के मूल आधार, जल, जंगल, जमीन को संरक्षित करने पर बल दिया।

कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास उनकी बोली भाषा आचार विचार विवाह संस्कृति अतिथि सत्कार एवं साथ-साथ उनके गौरवशाली सामाजिक और आध्यात्मिक अच्छाइयों को प्रस्तुत किया गया। पिंटू कुमार के द्वारा जनजाति समाज की महत्वपूर्ण पहचान एवं धरोहर को सहेजने पर विचार बल दिया। सचिन कुमार के द्वारा जनजाति समाज के उत्कृष्ट कार्यो एवं विद्रोह संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि शिवधन सिंह के द्वारा जनजाति विशेषताओं को रेखांकित किया गया। अतिथि अमर सिंह के द्वारा अपने विचार समाज की मौलिकता को बचाये रखने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा संपूर्ण जनजाति समाज और उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। सहसंयोजक के द्वारा जनजाति समाज पर अपने विचार व्यक्त किए गए और उनके द्वारा सभी अतिथियों प्राचार्य शिक्षकों कर्मचारी और छात्र-छात्राओं मीडिया पुलिस सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक अखिलेश रवि, प्रियांशु जायसवाल, चंद्रदेव राजवाड़े, शिखा दुबे, सीमा राजवाड़े एवं कर्मचारी हरिशंकर दरिया, श्रीमती शांडिल्य, भोला यादव उपस्थित रहे।






# जिले के पंचायतों में चलाया गया आयुष्मान कार्ड महाअभियान



**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन सूरजपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं भारत योजना डिजिटल मिशन के अंतर्गत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में गुरुवार को आयुष्मान कार्ड महाअभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शिक्षक, आयुष्मान ऑपरेटर व अन्य संबंधित कर्मचारियों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा महा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए है। आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। जनपद पंचायत ओड़गी में नेटवर्क विहीन पारा व मोहल्ले को नेटवर्क क्षेत्र में लाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण-पी. दयानंद

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद ने कहा है कि राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जनसंपर्क अधिकारियों को राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। पिछले 10 माह में राज्य सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेक फ्लैगशिप योजनाएं शुरू की हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। वे आज नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन में विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। सचिव श्री पी दयानंद ने कहा कि लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर सूचना क्रांति का है ऐसे में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ते जा रहा है। जनसंपर्क अधिकरियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समाचार माध्यमों को त्वरित रूप से समाचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सचिव श्री पी दयानंद ने कहा कि समाचार की भाषा शैली सरल, आकर्षक और पठनीय होनी चाहिए। सफलता की कहानी में किसी व्यक्ति के जीवन आए बदलाव के बारे में तथ्यपरक जानकारी और सुसंगत फोटोग्राफ का उपयोग किया जाए। राज्य सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं और नवाचारी कार्यों के संबंध में समय-समय पर विशेष लेख नियमित रूप से जारी किया जाए।

उन्होंने कहा कि नगरीय योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स नगरीय क्षेत्रों में लगाए जाएं और इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं की होर्डिंग्स तहसील मुख्यालयों और जनपद पंचायतों के परिसर में लगाए जाएं। उन्होंने बैठक में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, नेशनल मीडया और क्षेत्रीय स्तर पर प्रिंट मीडिया में प्रचार-प्रसार कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बैठक में जिला जनसंपर्क कार्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे शासन के कार्यों और फ्लैगशिप योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विभागीय सेट-अप की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। सचिव श्री दयानंद ने छत्तीसगढ़ संवाद के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में संचालक जनसंपर्क श्री अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक श्री जे.एल. दरियो, श्री उमेश मिश्रा, श्री संजीव तिवारी, श्री आलोक देव, श्री संतोष मौर्य, श्रीमती हर्षा पौराणिक सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 4 साल बीत गए पर पंचायत द्वारा नहीं दिया गया सीमेंट सप्लाई जा भुगतान

## परेशान सप्लायर लगा रहा दफ्तरों के चक्कर



**छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन चांदनी बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के दुरंचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत अवंतिकापुर में पंचायत के द्वारा सनतकुमार यादव के पास से पंचायत के द्वारा सीमेंट लिया गया था। करीब 4 साल पूर्व 41 हजार के सीमेंट का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। सप्लायर द्वारा लगातार राशि की मांग की गई। लेकिन पैसा नहीं देने पर उन्होंने जनवरी 2024 में कलेक्टर ऑफिस में आवेदन लगाया गया था जिसके पश्चात कुछ दिन बाद जनपद के अधिकारी जांच में आए थे तो सचिव के द्वारा बोल दिया गया की 5 से 7 दिनों में सप्लायर का भुगतान कर दिया जाएगा।जैसे ही अधिकारी जांच करके वापस होते हैं 5 से 7 दिन बितता है फिर सचिव से बात करने पर बोला जाता है कि जहां जाना हो और जिसके पास शिकायत करना है करते रहो। मैं पैसा नहीं दे पाऊंगा। ऐसे ही जनपद में भी आवेदन लगाया गया था। इसके बाद जनपद के भी अधिकारी फिर जांच में आए थे। उसे समय भी सचिव द्वारा अधिकारियों के सामने दो से तीन दिनों के बीच पैसे देने की बात कही गई थी लेकिन आज तक पैसा नहीं मिलने से सप्लायर काफी परेशान है वही लगातार दफ्तरों का चक्कर लगाकर थक चुका है। इस संबंध में अवंतिकापुर सचिव चंद्र प्रताप तिवारी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि सप्लायर से हमारी बात हो गई है एक-दो दिनों में हम पैसा दे देंगे।

# प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में हुआ सायकल वितरण



**जरही** --शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनगरा में आयोजित सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम में छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए सायकल प्रदान की गईं. यह पहल शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे भविष्य को सशक्त बनाएगा। सरस्वती सायकल योजना के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा में 31 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया.सायकल पाकर छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया.इस दौरान विधायक महोदय ने संबोधित करते हुए कहा निश्चित तौर पर यह अच्छा पहल है दूर से आने वाली छात्राओं के लिए अच्छी सुविधा है.सरस्वती सायकल वितरण का शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल के दौरान हुआ था. उन्होंने कहा भाजपा सरकार निश्चित पर हर संभव प्रयास कर रही है छात्रों के हित मे चाहे निशुल्क पुस्तक वितरण हो, छात्रवृत्ति योजना हो सभी कल्याणकारी योजनाओ का लाभ साय साय मिल रहा है.अंत मे विधायक ने पूरे विधानसभा के बच्चों के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया है उसके बारे में बताया कभी किसी प्रकार की समस्या होती है तो विधायक कर्यालय हेल्पलाइन नंबर में फोन कर सकते हैं.विद्यालय के प्रचार्य को उन्होंने कर्यालय हेल्पलाइन नंबर को विद्यालय के दीवार पर लिखवाने की समझाइश दी . इसका कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, मंडल महामंत्री समय लाल मिश्रा, प्रचार्य पनमेश्वर पैंकरा ,दशरथ सिंह, झरिलाल पैंकरा, अनुराग द्विवेदी, विकास तिवारी, धनेश्वर राजवाड़े, विष्णु दत्त मिश्रा,ठकेश्वरी राजवाड़े, शोभनाथ अगरिया,रोशन राजवाड़े, सोनू देवांगन, राजेश ठाकुर, शिवभजन सिंह कोर्राम, सीताराम यादव, नंदलाल सिंह कोर्राम, परमेश्वर सिंह, सहित भारी संख्या में संकुल स्तरीय शिक्षक शिक्षिका व ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

सरगुजा फ्रंटलाइन

# गांधी स्टेडियम में आयोजित बैडमिंटन खेल में 8 से अधिक महाविद्यालयों ने भाग लिया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने इस वर्ष से सरगुजा संभाग को नए जोन-5 के रूप में स्थापित किया है। इस जोन के अंतर्गत आने वाले तकनीकी संस्थाओं में विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज अंबिकापुर, पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरिया, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज बलरामपुर, फार्मेसी कॉलेज, पुष्पेंद्र कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आरपीसी कॉलेज आएंगे। इनके द्वारा 14 अक्टूबर को गांधी स्टेडियम के इनडोर में बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया, जिसमें 8 से अधिक महाविद्यालयों ने भाग लिया। इसमें शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर से पुरुष टीम एवं पुष्पेंद्र कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की महिला टीम विजेता रही। उपविजेता में विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज पुरुष व महिला में शासकीय पॉलिटेक्निक अंबिकापुर की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य आरजे पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए खेलों का महत्व बताया एवं जोन बनने पर सभी को बधाई दी। पीटीआई श्री दीवान एवं अन्य रेफरी भी इस मौके पर मौजूद थे। संस्था के खेल प्रभारी सूरज सिंह, सहयोगी कमलेश सोनी के मार्गदर्शन में सभी खेलों का आयोजन किया गया। इसके बाद 16 अक्टूबर को भिलाई में आयोजित इंटर जोनल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए टीम रवाना हुई। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों को पूरे अक्टूबर और नवंबर माह में आयोजन किया जाएगा।

# ग्राम कोसंगा के शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

## कलश यात्रा व आतिशबाजी के बीच विधि-विधान से भक्तों ने की पूजार्चना



**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसंगा में गुरुवार को शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके पहले विधि-व्रिधान से महिलाओं ने गांव में कलशयात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में माताएं-बहनें, आसपास के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बता दें कि ग्राम कोसंगा के भुइयापारा में स्थित शिव मंदिर का निर्माण काफी दिनों पूर्व हुआ है, जिसे लेकर ग्रामीणों हर्ष है। क्षेत्र के ग्रामीण शिवलिंग स्थापना के मौके पर मंदिर में एकजुट हुए और विद्वान पंडितों ने विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना की। शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरांत ग्राम वासियों की ओर से भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह देव, वीरेंद्र सिंह देव, रमेश जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, इरशाद अहमद सरपंच, पूर्व सरपंच लोचन सिंह, केवल राम, शोभित राम, रामजीवन, धनेश्वर सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसे खतरे की स्थिति में 1930 नंबर पर डॉयल करें



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस एवं साइबर वालेंटियर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सैक्स्टॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरूवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में छात्रों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया एवं डिजिटल दौर में सुरक्षित रहने के तरीकों से अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने काफी संख्या में भाग लिया और साइबर अपराध संबंधी सवालों पर खुलकर चर्चा किए। सरगुजा पुलिस और साइबर वालेंटियर्स ने इनकी जिज्ञासा का जवाब देकर समाधान किया। छात्रों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसे खतरों से निपटने के लिए 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर और पोर्टल का उपयोग करने के तरीके समझाए गए। अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग पर भी जोर दिया गया, जिससे छात्राएं किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस करने पर सहायता प्राप्त कर सकें। इस ऐप के माध्यम से, छात्राएं अपनी शिकायतें गुप्त रूप से दर्ज कर सकती हैं और पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं। छात्र-छात्राओं को अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने एवं अज्ञात स्त्रोतों से डाउनलोडिंग से बचने की समझाईस दी गई। इस दौरान महिला थाना पुलिस टीम के साथ साइबर वालंटियर अतुल गुप्ता और विक्की गुप्ता एवं विद्यालय से प्रियंका पटेल, गीति सिन्हा, अल्का सिंह सेंगर, विकास जोशी, नागेन्द्र वर्मा, विनोद कुमार पवार और योगेश्वर पाण्डेय उपस्थित रहे।

# घर के पास खड़ी ट्रैक्टर ले गए चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर में घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर चोरी करके ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 14 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे दरिमा थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी परशुराम रोजाना की तरह नवनिर्माण हो रहे मकान में सोने के लिए गए थे, इस दौरान महिंद्रा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डीएन 1486 घर के बाहर खड़ा था। 15 अक्टूबर को अलसुबह करीब 04 बजे जब वे बाहर आए तो ट्रैक्टर नहीं था। आसपास पता तलाश के बाद भी ट्रैक्टर का पता नहीं चला। इसकी जानकारी उन्होंने पुराने घर में आकर अपने पुत्र संदीप कुमार सहित अन्य को दी। काफी खोजबीन के बाद भी ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं मिला। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# जलपान और उपहार भेंट कर विद्यार्थियों ने सीखा सामाजिक सरोकार

## राघवपुरी वृद्धाश्रम में पहुंचे साई कॉलेज के विद्यार्थी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** असमर्थ, अशक्त की सेवा जब की जाती है तो वह नारायण सेवा में परिणत हो जाती है। यह दृश्य था राघवपुरी



स्थित वृद्धाश्रम का। श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी सोशल आउटरिच के तहत प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव और कला एवं समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरएन शर्मा के नेतृत्व में राघवपुरी स्थित वृद्धाश्रम पहुंच कर आश्रम वासियों को जलपान और उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किए। आश्रम में रह रहे वृद्धों से विद्यार्थी उनकी जीवनचर्या से अवगत हुए। इनके खान-पान, परिवार की यादें एवं जीवन के मार्मिक क्षणों को अपनापन के साथ साझा किया। विद्यार्थियों के हाथों से जलपान कर आश्रम वासियों ने जहां अपनापन का इजहार किया, वहीं अपने बीते दिनों की यादें साझा कर उन्हें अपने जीवन में सफल होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्राचार्य के साथ सभी विद्यार्थियों ने आश्रम के जीवन और पारिवारिक जीवन के बीच के अंतर को समझा। समाज एवं अपनों से उपेक्षित किए जाने की पीड़ा बुजुर्गों के आंखों से तैर गई। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बुजुर्ग और बड़े आपकी जिम्मेदारी हैं। उन्होंने आपको समर्थ जीवन जीने की राह पर चलना सिखाया है। प्रत्येक युवा का कर्तव्य है कि वह अपनी पुरानी पीढ़ी के दायित्वों का निर्वहन करे, क्योंकि उम्र के पायदान पर सभी को एक दिन वृद्ध होना है। कला एवं समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरएन शर्मा ने कहा कि माता-पिता की सेवा, देखभाल हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने अपने जीवन का कीमती समय हमारे बचपन, युवापन को दिया है, तो हमारा भी दायित्व है कि उन्हें अच्छा व बेहतर जीवन दें। इस दौरान महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, भूगोल विभाग के विद्यार्थियों के साथ सहायक प्राध्यापक रौनक निशा, तूलिका सिन्हा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र दास सोनवानी ने सामाजिक सरोकारों में भागीदारी की।

# महिला से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सीतापुर थाना पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया घटना दिनांक 15 अक्टूबर को महिला का पति घर से अपने रिश्तेदार को छोड़ने गांव से बाहर गया था और उसके बच्चे घर में खेल रहे थे। इस दौरान आरोपी छोटका राम तिर्की उसे अकेला पाकर जबरन दुष्कर्म किया था। आरोपी पूर्व में भी उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। रिपोर्ट पर थाना सीतापुर में पुलिस ने धारा 64(2)एम बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी छोटका राम तिर्की 62 वर्ष निवासी पेटला अमेरापारा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। कार्रवाई में थाना सीतापुर से उप निरीक्षक रघुराम भगत, सहायक उप निरीक्षक शशिप्रभा दास, महिला आरक्षक अनामिका बड़ा, आरक्षक दिलबोधन बड़ा, धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

# एड्स से बचाव के लिए जीवनरक्षा प्रणाली पर आधारित नुक्कड़ प्रदर्शन

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय चला रहा जागरूकता अभियान



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में 15 से 21 अक्टूबर तक एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो रानी रजक एवं रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रीति साहू के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर को भगवानपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एड्स के लक्षण, रोग तथा बचाव के उपाय बताए। जीवनरक्षा प्रणाली से अवगत कराया गया। स्वयंसेवकों ने बताया कि जब कोई व्यक्ति एचआईवी से संक्रमित होता है, तो वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। पीड़ित जानलेवा संक्रमण के घेरे में आ जाता है और स्थिति कैंसर की भी बन सकती है। यह भी संदेश दिया गया कि एड्स से संक्रमित व्यक्ति से भेदभाव नहीं करें, उनके साथ सामान्य व्यवहार करें। एड्स से बचने दूसरों के द्वारा उपयोग किया गया सुई नहीं लगाएं। संक्रमित व्यक्ति का कपड़ा उपयोग नहीं करें। इस दौरान सीमा बंजारे, गोल्डन सिंह एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# नवजात का शव छिपाने के मामले में केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत खर्रा नदी पुलिया के पास अज्ञात नवजात शिशु के मृत हालत में मिलने के मामले में जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना दिनांक 02 अक्टूबर को शाम लगभग 04.30 बजे रवि यादव नामक व्यक्ति खर्रा नदी पुलिया से लगभग 100 मीटर दूर नवजात के शव को लावारिस हाल में पड़े देखा था और इसकी सूचना चौकीदार किसनाथ दास पिता अदलू दास को दिया था। चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर नवजात के शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र दरिमा में कराया था। चिकित्सक के द्वारा दिए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मर्ग जांच में पाया कि नवजात के शव को छिपाने की नियत से लावारिस हालत में छोड़ा गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 94 बीएनएस का केस दर्ज कर लिया है।

# ऑटो चालक से मारपीट, केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्कूटी सवार युवकों के द्वारा धारदार वस्तु से हमला करके ऑटो चालक को घायल कर दिया। नवापारा गोधनपुर रोड निवासी ऑटो चालक राजकुमार ताम्रकार ने पुलिस को बताया है कि 15 अक्टूबर को वह दोपहर करीब 3.50 बजे बंगाली चौक की ओर से ऑटो लेकर श्री गुरूनानक चौक पहुंचा, यहां से गुदरी बाजार जाने के लिए ऑटो को मोड़ा था। इसी दौरान स्कूटी सवार दो लड़के आए और ऑटो सटाकर पार करने की बात कहते हुए गालीगलौज करने लगे। जब वह ऑटो को कुछ दूरी में रोका तो दोनों हाथ, लात, मुक्का से मारपीट करने लगे। जब वह अपना बचाव किया तो एक लड़का स्कूटी से धारदार वस्तु निकालकर लाया और ठुड्डी में वार कर दिया, जिसमें वह जख्मी हो गया।

# राज्य एवं राष्ट्रीय बाल प्रदर्शनी का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल प्रदर्शनी में भाग लिए हुए बच्चों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और नवाचार की सराहना की और उन्हें उनकी मेहनत के लिए उत्साहित किया।

इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने बच्चों को आगे भी ऐसे नवाचार करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं बच्चों से विज्ञान और तकनीक पर सवाल भी पूछे, बच्चों से सीधा संवाद किया और विभिन्न विषयों पर बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल कर एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किए गए हैं, बच्चे उन मॉडल में निहित विज्ञान को समझें और उसके आधार पर नए आविष्कार भी करें। इस प्रदर्शनी के माध्यम से, विद्यार्थी न केवल वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विविधता को भी समझने का इन्हें मौका मिल रहा है। यह मंच उन्हें नवाचार, सृजनात्मकता और टीम वर्क की भावना से परिचित कराता है। इस दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता, डीईओ अशोक सिन्हा, एपीओ रविशंकर पांडेय सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष ने समस्त कार्यकारिणी को भंग करने लिखा पत्र



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के अध्यक्ष एवं एनएसयूआई सरगुजा के पूर्व जिलाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष को सरगुजा संभाग के समस्त कार्यकारिणी को भंग करने हेतु पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि कोई भी संगठन जनता के हित में कार्य करने एवं लोगों के साथ खड़े रहने एवं समाज में अराजकता को दूर करने के लिए होता है। एनएसयूआई में अपराध के लिए कोई जगह नहीं है। वर्तमान में संगठन में कई ऐसे पदाधिकारी बैठे हुए हैं जिनको जनता, छात्रों और समाजहित से कोई लेनादेना नहीं है। सूरजपुर की घटना से क्षुब्ध होकर उन्होंने कहा है कि संगठन में शिक्षित छात्रों को जिम्मेदारी दी जाए और संभाग में कार्यकारिणी को भंग कर सभी के बैकग्राउंड की जांच के बाद ही उन्हें पद दिया जाए, जिससे संगठन की छवि धूमिल न हो। पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को भी प्रेषित की गई है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर